(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शनिवार, 07 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 232 पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

सीरत कपूर को इंडस्ट्री में पूरे हुए...8



## गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का आरोप, देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के लिए कांग्रेस जिम्मेदार



सूरत। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शुक्रवार को दावा किया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन संभालने से पहले, विपक्षी कांग्रेस देश में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार थी। रूपाणी ने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए पांच साल पूरे होने के अवसर पर नौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार दिवस को संबोधित किया। राज्य भर से करीब 62,000 युवाओं को नौकरी के लिए नियुक्ति प्रमाणपत्र दिये गये। सूरत में जनसमूह को संबोधित कर रहे रूपाणी ने कहा कि 1995 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले गुजरात में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल के दौरान सरकारी भर्तियों पर प्रतिबंध था। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में अकेले इस राज्य में ही दो लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश में बढ़ती बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए कांग्रेस जिम्मेदार थी, क्योंकि उनके पास इसे खत्म करने की कोई नीति या इरादा नहीं था। लोग पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से कहते थे कि अगर उनकी सरकार नौकरी नहीं दे सकती है तो आराम हराम है जैसे नारे लगाना बंद कर दें।'' उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी दूर करने और रोजगार प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए और कौशल विकास की पहल की ताकि लोग नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनें। रूपाणी ने कहा, ''गुजरात में कांग्रेस के शासनकाल में सरकारी भर्ती पर रोक थी। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मोदी ने उस प्रतिबंध को हटाया। मेरे नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले पांच वर्षों में दो लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी दी है। इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में आयोजित 2,085 रोजगार मेलों के माध्यम से 17 लाख लोगों को निजी नौकरियों में भर्ती किया गया।'' उन्होंने दावा किया कि विशेषज्ञ कोविड–19 महामारी में लाखों लोगों की नौकरी जाने का दावा कर रहे हैं, हालांकि गुजरात युवाओं को रोजगार देकर ''आशा की किरण'' के रूप में उभरा है।

# कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों से चर्चा के लिए सरकार हमेशा तैयार:नरेन्द्र तोमर



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार इस मुद्दे के समाधान के लिए किसानों से चर्चा के लिए हमेशा तैयार है। ज्ञात हो कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विभिन्न किसान संगठन राजधानी की विभिन्न सीमाओं सहित देश के अलग–अलग इलाकों में प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग तीनों कानूनों को निरस्त करने और एमएसपी के लिए कानून बनाने की है। इन कानूनों के विरोध में किसान संगठन संसद भवन से कुछ ही दूरी पर स्थित जंतर मंतर पर किसान संसद लगा रहे हैं।

राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में तोमर ने बताया कि किसानों के प्रदर्शन को समाप्त करने के लिए सरकार ने सक्रिय रूप से और लगातार किसान संघों के साथ काम किया और मुद्दों को हल करने के लिए किसान संघों से 11 दौर की बातचीत की। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद किसान संघ कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग के सिवाय, कभी कानूनों के प्रावधानों पर चर्चा के लिए सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा, ''सरकार किसान संघों से चर्चा के लिए हमेशा तैयार है और इस मुद्दे को हल करने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों के साथ चर्चा के लिए वह तैयार रहेगी।'' यह पूछे जाने पर कि क्या कृषि कानूनों को लागू करने से पहले सरकार ने किसानों और राज्य सरकारों से परामर्श किया था, तोमर ने कहा कि इसके लिए समय–समय पर विभिन्न समितियों और कार्य बलों का गठन किया गया था।

उन्होंने बताया कि शंकरलाल गुरु की अध्यक्षता में वर्ष 2000 में विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी, वर्ष 2001 में अंतर मंत्रालयी कार्यबल का गठन किया गया था जबकि 2010 में कृषि विपणन के 10 प्रभारी राज्य मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया था। संसद के वर्तमान मानसून सत्र में भी अन्य मुद्दों के साथ कृषि कानूनों का मुद्दा छाया है और विपक्षी दल इसे निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में तोमर ने स्पष्ट किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नीति का केंद्रीय कृषि कानूनों से कोई लेना–देना नहीं है और किसान अपनी उपज अपने फायदे के अनुसार कहीं भी बेचने को स्वतंत्र हैं। दरअसल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सदस्य इलामारम करीम ने सरकार से जानना चाहा था कि केंद्रीय कृषि कानूनों के लागू हो जाने के बाद इसकी खरीदी में उद्योग जगत के एकाधिकार होने की सूरत में किसानों के लिए एमएसपी कैसे सुनिश्चित होगा। इसके जवाब में तोमर ने कहा, ''एमएसपी नीति का कृषि अधिनियम से कोई लेना–देना नहीं है।

किसान अपनी उपज सरकारी खरीद एजेंसियों को एमएसपी या कृषि उत्पाद मंडी समिति (एपीएमसी) मंडियों में या संविदा खेती के माध्यम से या खुली मंडी में, उनके लिए जो भी फायदेमंद हो, बेचने के लिए स्वतंत्र हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत सरकार कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वर्ष दोनों फसल मौसमों में उचित आवश्यक गुणवत्ता (एफएक्यू) की 22 प्रमुख कृषि वस्तुओं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करती है। उन्होंने कहा, ''सरकार अपनी विभिन्न हस्तक्षेप योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभकारी मूल्य भी प्रदान करती है। एमएसपी पर खरीद, केंद्र और राज्य एजेंसियों द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत की जा रही है।

इसके अलावा समग्र बाजार भी एमएसपी और सरकार के खरीद कार्यों की घोषणा को लेकर प्रतिक्रिया देता है, जिसके परिणाम स्वरूप विभिन्न अधिसूचित फसलों के बिक्री मूल्य में वृद्धि होती है।'' तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने के बाद वर्ष 2014–15 से एमएसपी की खरीद बढ़ी है। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014–15 में तिलहन और कोपरा की खरीद 12,097.84 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2020–21 में 1,100, 244.89 मीट्रिक टन हो गई है। इसके अलावा वर्ष 2014–15 में दलहन की खरीद भी 364,171 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2020–21 में 2,191,851.69 मीट्रिक टन हो गई है।

## लद्दाख गतिरोधः गोगरा पोस्ट से पीछे हटीं दोनों देशों की सेनाएं, 12वें दौर की वार्ता में बनी थी सहमति



लद्दाख। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ जारी गतिरोध अब थमने लगा है। आपको बता दें कि भारत–चीन के बीच में 12वें दौर की सैन्य स्तर की वार्ता में सैनिकों की वापसी से संबंधित बचे हुए मुद्दों के समाधान के लिये स्पष्ट व गहन वार्ता हुई थी। जिसके बाद शुक्रवार को खबर सामने आई कि गोगरा पोस्ट से सैनिक वापस चले गए हैं। सैन्य वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद मुद्दे का जल्द समाधान निकालने पर सहमति बन गई थी। जिसके बाद दोनों देशों की सेनाएं गोगरा पोस्ट से पीछे हट गई हैं। हालांकि हॉट स्प्रिंग और देपसांग क्षेत्र को लेकर अभी सहमति नहीं बन पाई है।

## वैश्विक आर्थिक मंदी एवं कोविड के कारण वाहनों के निर्यात में गिरावट आयी : सरकार



नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि कारों सहित विभिन्न वाहनों के निर्यात में गिरावट मुख्य रुप से वैश्विक आर्थिक मंदी और कोविड–19 महामारी के कारण आयी है तथा उनके निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अनेक उपाय किए जा रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कारों सहित भारत के ऑटोमोबाइल निर्यात में गिरावट मुख्य रुप से वैश्विक आर्थिक मंदी और कोविड–19 महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऑटोमोबाइल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें विभिन्न प्रोत्साहन व शुल्क छूट स्कीम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी की स्थिति को देखते हुए विदेश व्यापार नीति (2015–20) को इस साल सितंबर के अंत तक के लिए बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मोटर वाहन उद्योग को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की खातिर पांच वर्ष की अवधि में 57,042 करोड़ रुपये के वित्तीय व्यय के साथ वाहनों के पुर्जों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम शुरु करने की मंजूरी दी गयी है।

## नए आईटी नियमों के अनुपालन में स्थायी आधार पर अधिकारी नियुक्त किये गयेः ट्विटर



नयी दिल्ली। ट्विटर इंक ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने नए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के अनुपालन में स्थायी आधार पर एक मुख्य अनुपालन अधिकारी (सीसीओ), स्थानीय शिकायत अधिकारी (आरजीओ) और नोडल संपर्क व्यक्ति की नियुक्ति की है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि इस संबंध में माइक्रोब्लॉगिंग मंच द्वारा दायर हलफनामा रिकॉर्ड में नहीं है। उसने ट्विटर से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इसे रिकॉर्ड में लाया जाए। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने कहा कि हलफनामे की प्रतियां अन्य पक्षों को दी गई हैं, जिसमें केंद्र के वकील भी शामिल हैं, जो 10 अगस्त को अपनी बात रखेंगे। ट्विटर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता साजन पूवैया ने कहा कि कंपनी ने नए आईटी नियमों के अनुपालन में चार अगस्त को सीसीओ, आरजीओ और नोडल संपर्क व्यक्ति के पदों के लिए स्थायी अधिकारियों की नियुक्ति की है और अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में एक हलफनामा भी दायर किया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा, ''तो क्या वे अब अनुपालन में हैं?'' इस पर केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा, ''ऐसा प्रतीत होता है लेकिन हमें सत्यापित करने की आवश्यकता है।'' इससे पूर्व दिल्ली उच्च न्यायालय ने ट्विटर इंक के एक ''अस्थायी कर्मी'' को सीसीओ नियुक्त करने पर नाराजगी जताई थी और कहा था कि मोइक्रोब्लॉगिंग साइट ने नये आईटी नियमों का पालन नहीं किया।

## विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत लगभग 12,500 लड़कियों को मिल रहा है लाभः सरकार



नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को बताया कि छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिहाज से शुरू किये गये 'विज्ञान ज्योति कार्यक्रम' के तहत लगभग 12,500 लड़कियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोकसभा को सुमेधानंद सरस्वती तथा रामदास तडस के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा, ''विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने 9वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए 2019–20 में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम शुरू किया था जिससे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अल्प महिला प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में शिक्षा ग्रहण करने और कॅरियर बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके।'' उन्होंने कहा, ''जवाहर नवोदय विद्यालयों की साझेदारी में देश के 100 जिलों में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम लागू किया गया है। विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत लगभग 12,500 लड़कियों को विभिन्न कल्याणकारी उपायों का लाभ मिल रहा है।

## ट्रेनों से भोजन यान हटा कर वातानुकूलित 3–टियर डिब्बे लगाने की बात से रेलवे का इनकार



नयी दिल्ली। रेलवे ने शुक्रवार को इस बात से इनकार किया कि विभिन्न ट्रेनों से भोजन यान को हटा कर उनके स्थान पर वातानुकूलित 3–टियर डिब्बे लगाए जा रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे पूछा गया था कि क्या सरकार 300 से अधिक रेलगाड़ियों से भोजन यान को हटा कर उन्हें वातानुकूलित 3–टियर डिब्बों से बदल रही है। वैष्णव ने इसके जवाब में कहा, '' जी नहीं। ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।'' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक महामारी कोविड–19 को देखते हुए कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए वातानुकूलित डिब्बों में लिनेन सेट (चादर आदि) मुहैया नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बहुउद्देशीय स्टॉल के माध्यम से 'बेडरोल' आदि बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। रेल मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरएसडीसी) ने अमृतसर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की योजना बनाई है। अमृतसर स्टेशन के पुनर्विकास के लिए अर्हता अनुरोध (आरएफक्यू) को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी को रोकने के लिए, रेलवे ने 23 मार्च, 2020 से सभी पैसेंजर रेलगाड़ियों को बंद कर दिया है। वर्तमान स्थिति में राज्य सरकार के सुझावों और चिंताओं तथा स्ध्वास्ध्थ्य्य परामर्श को ध्यान में रखते हुए सीमित ठहरावों के साथ सिर्फ स्पेशल रेलगाड़ियां ही चलाई जा रही हैं। वैष्णव ने कहा कि एक अगस्त 2021 तक भारतीय रेल ने दैनिक औसत आधार पर 6166 स्पेशल रेलगाड़ी सेवाओं का परिचालन किया है जिनमें 1517 मेल व एक्सप्रेस रेलगाड़ियां तथा 846 पैसेंजर रेलगाड़ियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल वर्तमान स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और तदनुसार गाड़ी सेवाओं के परिचालन को विनियमित कर रही है।

## पीएम मोदी ने महिला हॉकी खिलाड़ियों से फोन पर बात कर बढ़ाया हौसला, बोले- देश को आप पर गर्व है



नयी दिल्ली। इतिहास रचने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम का पहला ओलंपिक पदक जीतने का सपना भले ही टूट गया हो लेकिन उन्होंने अपने जुझारूपन और दिलेरी की बदौलत सवा सौ करोड़ देशवासियों का दिल जीत लिया। आपको बता दें कि ब्रिटेन के खिलाफ कांस्य पदल के लिए खेले गए मुकाबले में भारत 4–3 से हार गई। जिसके बाद भारतीय महिला हॉकी टीम काफी निराश हुई लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका हौसला बढ़ाया। समाचार एजेंसी एएनआई ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि सपना टूट जाने की वजह से महिला खिलाड़ी रोती हुई दिखाई दे रही हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें हौसला दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने फोन कर महिला हॉकी टीम से बात की। इस दौरान मोबाइल फोन को स्पीकर पर रखा गया था। प्रधानमंत्री ने महिला हॉकी खिलाड़ियों से कहा कि देश को आप सभी लोगों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों ने बढ़िया खेला है। आपने इतना पसीना बहाया है पिछले 5–6 सालों से, आप लोगों ने सबकुछ छोड़कर इसी पर साधना की है। लेकिन आपका पसीना करोड़ों बेटियों की प्रेरणा बना है। मैं टीम के सभी साथियों और कोच को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि निराश नहीं होना है। मैं देख रहा था कि नवनीत की आंख पर चोट आई है। जिस पर महिला टीम की कप्तान रानी रामपाल ने कहा कि हां जी सर, उसकी आंख में चोट आई है। उसको चार टांके लगी हैं। वंदना समेत सबने बहुत बढ़िया किया है और सभी को लगा कि सलीमा बहुत कमाल कर देती। आप लोग रोना बंद करिए। मेरे तक आवाज आ रही है। देश आज आप पर गर्व कर रहा है। बिल्कुल निराश नहीं होना है। उन्होंने कहा कि कितने दशकों के बाद भारत की पहचान हॉकी पुर्नजीवित हो रही है। आप लोगों के मेहनत के दम पर ऐसा हो रहा है।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच के साथ भी बात की। नयी ऊंचाइयों को छू रही टीमः प्रधानमंत्री ने मैच के बाद ट्वीट किया कि हम महिला हॉकी में पदक से चूक गए लेकिन यह टीम नये भारत को प्रतिबिंबित करती है जिसमें हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके नयी ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में उनकी सफलता से कई युवा लड़कियों को हॉकी खेलने और उसमें अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी। इस टीम पर गर्व है।



# नियमित टीकाकरण को बेहतर बनाने पर हुआ मंथन

## चाई संस्था के सहयोग से नियमित टीककरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

गोंडा। सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि आमजन के बीच सही और सटीक जानकारियों को समय से पहुंचाया जाए। सभी सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को ये जिम्मेदारी लेने की जरूरत है कि वह जन समुदाय को बेहतर संवाद के माध्यम से समझाएं। साथ ही स्वास्थय सुविधाओं में सुधार के लिए प्रयास करें द्य इस काम में विभाग की सहयोगी संस्था क्लिंटन हेल्थ और अन्य सहयोगी संस्थाएं भी सहयोग प्रदान करेंगी। सभी के साथ मिलकर टीकाकरण सेवाओं में सुधार के लिए और अच्छे प्रयास किये जाएंगे ताकि राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुसार शत–प्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा सके। ये बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. एस. केसरी ने कही। डॉ. केसरी नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के बेहतर प्रबंधन एवं सुदृढ़ीकरण विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। क्लिंटन हेल्थ एक्सेस इनिशिएटिव (चाई) संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर समुदाय में टीकाकरण सेवाओं की मांग बढ़ाने के लिए कार्य योजना बनायें और सभी स्टाफ अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। उन्होंने सहयोगी संस्थाओं से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में और अधिक सहयोग के लिए अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर लाभार्थी का स्वास्थ्य हमारे लिए बहुत महत्पूर्ण है। टीकाकरण से बच्चों और माताओं को जानलेवा और गंभीर बीमारियों से बचाया सकता है। आपसी सहयोग से जन जागरूकता के जरिए बाधाओं को दूर कर टीकाकरण कार्यक्रम को और बेहतर बनाया जा सकता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. पी. सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभाग के सभी लोग सभी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं लेकिन डाटा को सही से और समय पर फीड न करने के कारण कई अवसर पर हम सब अपनी उपलब्धियों को नहीं दिखा पाते हैं। उम्मीद है कि क्लिंटन फाउंडेशन के सहयोग से नियमित टीकाकरण सेवाओं में सुधार के लिए आवश्यक प्रयास किये जाएंगे। ड्यूलिस्ट और लाभार्थियों की ट्रैकिंग पर और विशेष ध्यान दे पाएंगे। आपसी सामंजस्य व सहयोग से टीकाकरण में निरंतर सुधार हो रहा है। लगातार प्रयास से टीकाकरण का लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा किया जा सकेगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जय गोविन्द ने कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम बच्चों व माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे सशक्त माध्यम है और स्वास्थ्य विभाग इस हेतु शत–प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। क्लिंटन हेल्थ फाउंडेशन के सहयोग से निश्चित ही जनपद में नियमित टीकाकरण सेवाओं के परिणाम और बेहतर आएंगे और जिले की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में भी सफल होंगे। डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि कम उपलब्धि वाले उपकेंद्रों के लिए ब्लॉक से उपलब्ध संसाधनों को देखते हुए नोडल नामित किये जाने चाहिए ताकि सभी के सहयोग से टीकाकरण सेवाओं में आवश्यक सुधार किये जा सके।

सभी नोडल को सामुदायिक गतिविधियों से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया जाए। अगर ब्लॉक को कोई सहयोग की जरूरत है, तो वह हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं, परन्तु हम सब को जिम्मेदारी लेने होगी और लगातार समीक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि इस समय हमारी आशा कार्यकर्ता बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। कुछ आशायें अपना सही ढंग से नहीं कर पा रही हैं जिसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिए जाने की जरूरत हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग मनोज कुमार ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री की टीकाकरण में भूमिका के बारे में बताया और कहा कि हम इन महत्वकांक्षी ब्लॉक को मॉडल के रूप में विकसित करें। ताकि जो पहल और गतिविधिया इन ब्लॉक में की गयी हैं वो दूसरे ब्लॉक में भी की जाएं और पूरे जनपद में टीकाकरण में आवश्यक सुधार किया जा सकें। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. विनय डांगे ने कहा कि अभी हमारे ब्लॉक में माइक्रो प्लान और ड्यूलिस्ट की गुणवत्ता में सुधार किये जाने की जरूरत है और ब्लॉक पर होने वाली समीक्षा बैठकों में उपकेंद्र वॉर समीक्षा किया जाने की भी खास जरूरत है। यूनिसेफ के डीएमसी शेषनाथ सिंह ने कहा कि सभी सहयोगी संस्थाएं सहयोग के लिए तैयार हैं। टीकाकरण में सुधार के लिए पर्यवेक्षण की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है।

सभी पर्यवेक्षकों को चाहिए कि वह टीकाकरण सत्रों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करें। कार्यक्रम का संचालन चायी संस्था के क्लस्टर लीड तौहीद अहमद ने किया। चाई संस्था के राज्य स्तरीय प्रतिनधि डॉ. साजिद इश्तियाक ने नियमित टीकाकरण, पीएमयू और ब्लॉक इमर्शन एक्टिविटी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि चायी संस्था प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित महत्वकांशी ब्लॉक में टीकाकरण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण सुदृढ़ीकरण के लिए यूपीटीएसयू व स्वास्थ विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रही है। संस्था प्रदेश के 34 जिलों के 100 ब्लॉकों में कार्य कर रही है। इन ब्लॉकों में जनपद के पंडरी कृपाल, बभनजोत और रुपईडीह को भी शामिल किया गया है। चायी संस्था के टीकाकरण में सहयोग करने से जिले में टीकाकरण का प्रतिशत न केवल बढ़ेगा अपितु संस्था को आवंटित ब्लॉक में टीकाकरण के दर में शत प्रतिशत की वृद्धि भी होगी। सरकार द्वारा चिन्हित ब्लॉक में डाटा के आधार पर कार्य योजना बनाकर चायी अन्य सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर स्वाथ्य विभाग का सहयोग करेगी। इस अवसर यूएनडीपी के राजेश सिंह, डीपीएम अमरनाथ, डीसीपीएम डॉ आरपी सिंह, चाई टीम से फैजान अली, सतेंद्र कुमार, शिशिर रघुवंशी व तीनों ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

# छोटे लोहिया के जन्मदिन पर सपाईयों ने खूब चलाई साइकिल

## सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा निकालकर प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

अयोध्या। छोटे लोहिया के नाम से मशहूर स्व जनेश्वर मिश्रा के जन्मदिन पर जिले भर में खूब चली सायकिल। सबसे पहले पार्टी कार्यालय पर छोटे लोहिया के चित्र पर सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव सायकिल यात्रा के प्रभारी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बी पांडेय ने माल्यार्पण किया। सदर तहसील के रसूलाबाद चौराहे से अयोध्या के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में साइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। महंगाई, कृषि कानून, गिरती कानून व्यवस्था जैसे आधा दर्जन मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी ने आज जिले भर के सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा निकालकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्व.जनेश्वर मिश्र के जन्म दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का सभी को आह्वान किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को एक बार फिर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा कि जनता भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीतियों से बुरी तरह त्रस्त है और इस सरकार से छुटकारा चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी से बेहतर कोई दूसरा विकल्प हो ही नहीं सकता। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त है और इस सरकार से छुटकारा चाहती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध है।

पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने इस अवसर पर कहा कि नौजवानों किसानों और महिलाओं के हितों की यह सरकार लगातार अनदेखी कर रही है जिससे समाज के हर वर्ग में योगी सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महंगाई भ्रष्टाचार अपने चरम पर है आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जनता बुरी तरह से नकार देगी। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है इसी का नतीजा है कि आज भी सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा किए गए कामों को जनता सराह रही है। पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कस लेनी चाहिए, आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है इसलिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पार्टी कार्यकर्ता प्रदेश में सरकार बनाने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करें। पूर्व विधायक अभय सिंह ने कहा कि सरकार के लिए प्रदेश चलाना मुश्किल हो चला है, सपा सुप्रीमो द्वारा अपने कार्यकाल में प्रदेश के लिए किए गए विकास कार्यों का फीता अब तक वर्तमान योगी सरकार काट रही है। पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज पूर्व मंत्री जनेश्वर मिश्र के जन्म दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी विधानसभाओं में साइकिल यात्रा निकालकर अपने नेता को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इसके साथ ही प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पार्टी ने यह तय कर लिया है कि अब योगी सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने लाकर इस सरकार की पोल खोल दी जाए। सपा महानगर की महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने भी जनेश्वर मिश्र के जन्मदिन के अवसर पर अपने साथियों के साथ भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। सायकिल रैली में बख्तियार खान अनूप सिंह, राजा मानसिंह, उमेश चंद्र यादव, मो अली, मो आरिफ अनित शुक्ला, डॉ पुष्कर यादव रईस खान, मनोज जायसवाल, बाबूराम गोंड, ईश्वर लाल वर्मा एजाज अहमद चौधरी बलराम यादव अमृत राजपाल जय सिंह यादव दीपू सिंह के नेतृत्व में पूरा बाजार क्षेत्र में साइकिल यात्रा निकाली गई गौरव पांडे साहब लाल यादव राशिद जमील शोएब खान शशांक यादव चंद्रभान यादव राम अचल यादव शिव कुमार यादव शैलेंद्र यादव तरजीत गौड बालकृष्ण मिश्र वेद प्रकाश यादव पृथ्वीराज यादव माखन लाल यादव मोहम्मद रईस खान राजदेव यादव सिराज अहमद सोनू हाशमी महेश शर्मा तुलसीराम यादव मदन यादव आकिब खान प्रेम कांत अनुराग सिंह रामदुलार यादव सुभाष रावत सुभाष यादव कश्यप यादव रामतेज आदि ने हिस्सा लिया।

## पुनः किया गया पत्थर नसब, अवैध कब्जेदारा को दी गयी नोटिस

गोंडा। धानेपुर क्षेत्रान्र्तगत ग्राम सभा उज्जैनी कला निवासी मिथलेश कुमारी पत्नी तुलसी राम ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र दे गाटा संख्या 3960 में पुनः पत्थर नसब कराने और अवैध कब्जेदारो से भूमि मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में आज राजस्व विभाग की टीम गठित की गयी। टीम के द्वारा उक्त गाटा संख्या का सीमांकन कर पत्थर नसब कराया गया जबकि गाटा संख्या 3923 में कुछ तकनीकी कारणों से सीमांकन का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। राजस्व निरीक्षक चंद्र भूषण ने बताया कि गाटा संख्या 3923 में अवैध कब्जेदारो जैसराज सिंह, राजेश बर्मा और करिंगन को निर्देश दिया गया है कि खेतों में लगी फसल का कटान नहीं करेंगे। इस मौके पर लेखपाल जावेद अहमद नायब तहसीलदार प्रतिनिधि उपनिरीक्षक दधिबल यादव सहित धानेपुर पुलिस मौजूद रहीं।

## ढाई वर्षो से तैनात ब्रांच मैनेजर का गैरजनपद हुआ तबादला, लोग हुए मायूस

गोंडा। प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक गोकर्ण शिवाला पंचमुखी मनोहर जो पर लगभग ढाई वर्ष से ब्रांच मैनेजर के पद पर तैनात रह चुके चंदन गुप्ता का गैर जनपद में स्थानांतरण हो जाने पर क्षेत्र की जनता एवं बैंक कर्मचारियों में काफी मायूसी देखी गयी। बताते चलें चंदन गुप्ता अपने लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल में लोगों से इतना मिलनसार हो गए थे कि बैंक में आने वाले बैंक ग्राहक से हमेशा शिष्टाचार से पेश आते थे और अपने मृदुभाषी एवं अच्छे व्यवहार से सबके चहेते बने हुए थे। अचानक लोगों को जब पता चला उनका स्थानांतरण हो गया है तो लोग स्तब्ध रह गए क्योंकि उनके कुशल नेतृत्व और आचार विचार एवं व्यवहार सबको मंत्रमुग्ध कर देता था। वह अपने कार्य के प्रति हमेशा दृढ़ता से से करते थे और ग्राहकों को कोई शिकायत का मौका नहीं देते और किसी का कार्य ज्यादा से ज्यादा कम समय में करने की कोशिश करते हुए और करते भी थे। इससे बैंक के ग्राहक एवं बैंक कर्मचारी हमेशा उनसे संतुष्ट रहा करते थे। उनके विदाई में डॉक्टर द्वारिका प्रसाद मिश्रा, हरिहर मिश्रा, आरपी यादव, शिवकुमार, सीताराम गुप्ता, कैसियर रामनिवास, देवानंद मिश्रा, राम प्रसाद मिश्रा, अमरीश कुमार मिश्रा आदि लोगों ने शाखा प्रबंधक को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर नम आंखों से उनकी विदाई की।

## बाइक सवार लुटेरों ने चाँदी का कड़ा और नकदी छीना

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायतनगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के चलते दिनोंदिन चोरी की घटनाएं आम बात होती जा रही हैं। वहीं पुलिस चोरों पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। फिर एक छिनैती की घटना हो गई। हालांकि हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी राम अवतार राम ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। बताया गया कि दोपहर 12 बजे मलेथू बुजुर्ग निवासी पिरांशु पुत्र रामफेर चौरसिया उम्र लगभग 16 वर्ष गांव के उत्तर दिशा में अपने खेत की रखवाली करने गया था। जहाँ समोधीतारा पर स्थित काली जी के मंदिर पर बैठा था। तभी अचानक स्पेलंडर सुपर काली नम्बर प्लेट पर मिट्टी पुती हुई मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने धारदार हथियार मारकर हाथ में पहना चांदी का कड़ा और मूली का बीज खरीदने के लिए जेब में रखा दो सौ रुपये छीनकर चम्पत हो गये। वहीं इसके एक सप्ताह पूर्व मलेथू बुजुर्ग के रियासतदार अरुण प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के अनाज गोदाम से लगभग 7 कुंतल सरसों, चना, चावल आदि उठा ले गये।

## दूसरे के नाम गोल्डन कार्ड जारी होने पर न घबराएँ–शिकायत दर्ज कराएँ

गोंडा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आपके नाम का आयुष्मान कार्ड (गोल्डन कार्ड) यदि किसी कारणवश और किसी के नाम जारी हो गया है तो चिंता की जरूरत नहीं है। यदि आपके पास योजना से प्राप्त कोई प्रामाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं, जैसे कि प्रधानमंत्री का पत्र या प्लास्टिक कार्ड तो अपनी शिकायत टोल फ्री नं. 180018004444 या 14555 पर दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त योजना से सम्बन्धित दस्तावेज लेकर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात डिस्ट्रिक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (डीआईयू) टीम के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सम्बन्धित मामले की जांच के पश्चात् शिकायत कर दी जाएगी जिसके उपरांत लाभार्थी सूचीबद्ध चिकित्सालय या जन सुविधा केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है। इस सम्बन्ध में योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ संदीप कुमार तिवारी का कहना है कि योजना से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सचिव द्वारा संचालित टोल फ्री नम्बर 180018004444 पर संपर्क किया जा सकता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार के पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह योजना पूर्णतः पात्रता पर आधारित है, जिसकी सूची वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार की गयी है। पात्र परिवारों के लाभार्थी की अनुबंधित अस्पतालों में पहचान सुनिश्चित होने के पश्चात् पांच लाख तक का निःशुल्क चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। लाभार्थी किसी भी अनुबंधित सरकारी अथवा निजी (प्राइवेट) अस्पताल में अपना आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त फोटो पहचान पत्र ले जाकर अपनी पहचान एवं पात्रता सुनिश्चित कर सकता है। कोई ूण्उमतंण्चउरंलण्हवअण्पद के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकता है। सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी चाहिए तो फोन उठाइएः जिला सूचना प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर–180018004444 अथवा 14555 पर कॉल करके प्राप्त की जा सकती है। एंड्राइड फोन पर उपलब्ध ऐप आयुष्मान सारथी के माध्यम से भी यह जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची जिले पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आशा कार्यकर्ता के पास उपलब्ध हैं, यहाँ से भी यह जानकारी ली जा सकती है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक सपन्न

करनैलगंज(गोंडा)। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ करनैलगंज ब्लाक इकाई की बैठक मण्डल महामंत्री गजाधर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन के विस्तार और शिक्षक समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। सर्वसम्मति से श्री विनोद कुमार प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय वेशनपुरवा को करनैलगंज ब्लाक का ब्लाक संयोजक मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के तहत उन्होंने सदस्यता ग्रहण की। विनोद कुमार ने सभी को आश्वासन दिया कि शिक्षक समस्या का यथा योग्य समाधान कराया जायेगा। सभी अध्यापक सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाये। इस अवसर पर कमलेश यादव, हरि प्रसाद, अनुराग, अलोक दीक्षित, राकेश यादव, कमल किशोर सिंह, शांति चंद्र, चेतराम यादव, गायत्री यादव, मो. मेराज, नरेंद्र शर्मा, परशुराम वर्मा, अमित यादव आदि संकुल शिक्षक और प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# भाकियू ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

## लेखपालों द्वारा भाकियू नेता की पिटाई से नाराज हैं भाकियू कार्यकर्ता

बीकापुर–अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष रामगोपाल मौर्य को लेखपालों द्वारा उप जिलाधिकारी के सामने मारने पीटने लूटपाट करने के बाद भी प्रथम सूचना रिपोर्ट ना दर्ज होने के कारण भारतीय किसान यूनियन द्वारा शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया भाकियू नेताओं ने घोषणा किया है कि जब तक हमलावर लेखपालों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं होती लेखपाल गुलशन भारती निलंबित नहीं होता और उप जिलाधिकारी की भूमिका उजागर कर दंडित नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा और समय–समय पर आंदोलन की रूपरेखा बदली जाएगी। धरनाकारियो को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि उप जिला अधिकारी बीकापुर केडी शर्मा के ललकारने के बाद लेखपालों ने उप जिला अधिकारी के समक्ष रामगोपाल मौर्य को भद्दी भद्दी गालियां देते हुएलातों मूको से मारा पीटा तथा जेब से मु०700 आधार कार्ड प्रवेश पत्र लूट लिया तथा मोबाइल पटक कर छोड़ दिया कपड़े फाड़ डाले और नेतागिरी करने पर जान से मार डालने की धमकी दिया गया समय से तहरीर देने के बाद भी प्रशासनिक दबाव के कारण राम गोपाल की तहरीर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं गई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया था कि चार दिन में क्षेत्राधिकारी बीकापुर से जांच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जाएगी एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने के कारण आंदोलन की शुरुआत की गई है। जिला अधिकारी द्वारा भी आश्वासन दिया गया था की जांच करा कर दोषी लोगों को दंडित किया जाएगा परंतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा आरोपी उप जिलाधकारी को ही जांच अधिकारी बना दिया गया जिनसे निष्पक्ष जांच होने की बिल्कुल आशा नहीं है श्री वर्मा ने बताया कि समस्याओं का समाधान ना होने पर आंदोलन को बृहद बनाया जाएगा धरनाकारियो को अभयराज ब्रहमचारी संतोष वर्मा मुनि राम यादव राम गणेश मौर्य, राम अवध किसान, राम गोपाल मौर्य, मस्तराम वर्मा वैजनाथ निषाद, पारसनाथ वर्मा, चंदूभाई पटेल, लीलावती, जस माता देवी, किस्मता, शुभावता रामानंद यादव घनश्याम तिवारी शशीन्द्र नाथ तिवारी शेषमणि तिवारी विनोद निषाद बवाली यादव आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# शिक्षक संकुल उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

अयोध्या। मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव के निर्देश के अनुपालन में मिशन प्रेरणा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु खण्ड विकास अधिकारी सभागार सोहावल में शिक्षक संकुल उन्मुखीकरण कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशकध्प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान संध्या श्रीवास्तव द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देवपाण्डेय रहे। अधिकारी द्वय द्वारा माँ सरस्वती के माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। संदर्भ दाता एस आर जी डॉ अंबिकेश त्रिपाठी द्वारा पीपीटी के माध्यम से 'निपुण भारत योजना' पर प्रकाश डाला गया, एस आर अमित कुमार मिश्रा द्वारा 'सरल ऐप', ई–पाठशाला, फेज–5 मनीष देव गुप्ता, 'दीक्षा ऐप' सदक ए हुसैन, 'रीड अलौंग ऐप' अंजू वर्मा, 'प्रेरणा लक्ष्य ऐप' निवेदिता उपाध्याय, 'प्रेरणा साथी' अनूप मल्होत्रा, 'मोहल्ला क्लास' ब्रिजेश कुमार यादव द्वारा अपने विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों के बारे में पीपीटी के माध्यम से अच्छी जानकारी प्रदान की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में विकास खण्ड सोहावल में प्रेरणा मिशन के तहत किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि यह विकास खण्ड सबसे पहले प्रेरक ब्लॉक बने जिसमें जब तक बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, अभिभावकों व विद्यालय परिवेश से जुड़े हुए शुभ चिंतकों द्वारा मोहल्ला कक्षाओं को और गति प्रदान की जाए। जिला समन्वयक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे प्रेरणा साथी जो मोहल्ला कक्षाओं के संचालन में बेहतर करेंगे उन्हें जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। कार्यक्रम के समापन में डायट प्रचार्या ने मिशन प्रेरणा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में बताते हुए सोहावल विकास खण्ड में शुरु हुए सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में ए आर पी संजय चौधरी, पवन कुमार दुबे, रामतीरथ वर्मा, डॉ दिनेश कान्त पाण्डेय व 60 शिक्षक संकुल सदस्य उपस्थित रहे जिसमें सुमन चंद्रा, मो तारिक, ममता रंजन, कीर्तना त्रिपाठी, संजीव वर्मा, पंकज द्विवेदी, आभा गुप्ता, नीलम ओझा, कोमल, अनूप प्रियदर्शी, मो गौस, सालिहा फैय्याज, दीपिका, बृज किशोर, श्री निवास, पूर्णिमा त्रिपाठी, अतीकुर्र रहमान, गीता राणा, जनक लाल वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## गन्ने के खेत मिला शव

बीकापुर–अयोध्या। ग्राम पंचायत मीतनपुर मजरा अमौनी चकिवा में एक किसान के गन्ने के खेत से एक सड़ी गली लाश बरामद हुई है। लाश मिलने से इलाके में सनसनी है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है। खबर लिखे जाने तक लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। थाना तारुन क्षेत्र के गांव अमौनी चकिवा निवासी हरीराम वर्मा का खेत में . सुबह गन्ने के खेत में घास कटाने गये ग्रामीण खड़ी गन्ने की उसे खेत से बदबू महसूस हुई। कुछ अंदर दाखिल हुआ तो लाश पड़ी थी। इसकी सूचना थाना पुलिस के साथ ग्रामीणों को दी। लाश की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। काफी संख्या में लोग जमा हो गए। नौ बजे के आसपास सीओ सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी, रामपुर भगन चौकी इंचार्ज, तारुन थानाध्यक्ष भी पहुंच गए। लाश को खेत से बाहर निकलवाया। यहां उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की उम्र करीब 25 साल आंकी जा रही है। उसने लाल रंग पट्टी दार चड्डी पहन रखी है। पुलिस भी लाश की स्थिति को देख उसके शादीशुदा होने या न होने का अंदाज नहीं लगा पा रही है। लाश काफी सड़ी गली है। माना जा रहा है कि करीब बीस दिन भर पहले की है।

# नदी के कटान से लोगों में दहशत का बना माहौल

दैनिक बद्ध का संदेश
भनवापुर/सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के पिकौरा गांव के दक्षिण पास से





होकर जाने वाली राप्ती नदी का कटान इतना तेज हो रहा है कि अब तक दो रिहायशी मकानों को अपने मे समाहित कर चुकी है। बाकी किनारे बने घरों के लोगों में दहशत का माहौल बना है। पिकौरा गांव निवासी प्रहलाद ने कहा कि हमारे गांव के मनोहर तथा सनोहर दोनो भाईयों का रिहायशी मकान नदी में समाहित हो चुका है। सूचना के बाद भी अबतक हल्का लेखपाल या अन्य कोई जिम्मेदार हम लोगों का हाल जानने नही आया। नदी के किनारे बने गंगा सागर, सुक्खू, सोमई, राम औतार, बुद्धू, शिवप्रसाद, सीमा राकेश, द्वारपाल, अवधराम, लखन, त्रिलोकीनाथ, सोलई, नन्कू, ओमप्रकाश, बब्लू, रोहित ग्रामीणों का कहना है कि पिछले तीन दिन में लगभग तीन से चार मीटर की कटान हुई है, लगातार कटान से खेत नदी में तब्दील हो रही है जिससे हमारे जमीन के साथ हमारे गांव पर भी खतरा मंड़रा रहा है। अगर राप्ती ने हमारे घरों को अपने में समाहित किया तो हमारे परिवार के लोग कहां जाएंगे। इस संबंध में अवर अभियंता सिंचाई कालिका प्रसाद ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व मनरेगा से थोड़ा बहुत काम कराकर कटान रोकने का प्रयास किया गया था मगर नहीं रूका मौके पर देख कर कटान रोकने का उचित प्रबंध किया जाएगा।

राप्ती नदी के जलस्तर घटने के कारण नदी का कटान तेजी से हो रहा है, जिससे नदी के किनारे बने घरों में दो रिहायशी मकानों को अपने मे विलीन कर चुकी है, गांव के अस्तिव पर खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कटान को रोकने के लिए प्रबंध करने की मांग की है।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लिपिक को सेवा से पदच्युत करने के संबंध में अंतिम नोटिस जारी

दैनिक बद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर । जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सिद्धार्थनगर में कार्यरत परमात्मा प्रसाद कनिष्ठ लिपिक दिनांक 27–01–2021 से अब तक कार्यालय में निरंतर अनुपस्थित रहने के कारण मुख्य विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा परमात्मा प्रसाद पुत्र स्वर्गीय बुद्धू निवासी ग्राम साड़ी पोस्ट मधुकरपुर जनपद सिद्धार्थनगर को सेवा से पदच्युत करने के संबंध में अंतिम नोटिस जारी किया गया है। उपरोक्त के संबंध में अंतिम रूप से नोटिस देते हुए निर्देशित किया गया है। कि एक पक्ष के भीतर यदि आप चिकित्साध्स्वास्थ्य का प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो यह मान लिया जाएगा कि आप जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की सेवा करने को इच्छुक नहीं है और तदनुसार आपको अनुपस्थित दिवसों का वेतन रहित करते हुए नियमानुसार कनिष्ठ लिपिक के पद से पदच्युत किए जाने संबंधी कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी जिसके लिए आप स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदाई होंगे। उक्त आशय की जानकारी परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सिद्धार्थनगर संत कुमार द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

# भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस द्वारा चलाया गया जांच अभियान

दैनिक बद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। एसएसबी प्रभारी कमाण्डेन्ट अमित सिंह के



निर्देशन में बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के साथ मिल कर चेकिंग अभियान चलाई गयी, इंस्पेक्टर शाम सिंह ने कहा क्षेत्र में नशीली दवाओं की तस्करी बढ़ रही है, युवा इसके आगोस में फशते जा रहे है, तस्कर नेपाल में नशीली दवाओं का खपत कर, युवाओ के सेहत में जहर घोलने का कार्य कर रहे है, मानव तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये जवान तत्पर है, गुप्तचर विभाग अपना कार्य कर रहा है। क्षेत्र के अन्य मार्गो पर चलने वालों का औचक निरीक्षण कर तस्करी में लिप्त लोगो की पहचान कर कार्यवाही में मदद मिल जाती है। पुलिस की सहयोग से कार्य और सरल हो जाता है। चेकिंग अभियान में एसआई ,दिलीप यादव,राम करन निषाद, महेश प्रसाद, अभिषेक यादव, शिवपूजन, शालनी, अजय कुमार सहित एसएसबी जवान शामिल रहे।

# सनैट्री पैड देकर महिलाओं को किया जा रहा है जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका/सिद्धार्थनगर। उसका कस्बे में सेनैट्री पैड देकर





महिलाओं को किया जा रहा है जागरूक और महिलाओं के घर घर जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। प्रो एज आरसीपीएल लिमिटेड द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, और 2 लड़किया एक एक घर जा जाकर स्वच्छता के बारे में बता रही है और महिलाएं सनैट्री पैड प्रयोग करे और बीमारी से दूर रहे वही उसका बाजार के रहने वाले संतोष किराना आयुष ट्रैडर्स के द्वारा भी लोगो के बीच बाट रहे है लोगो को जागरूक करने का काम कर रहे है।

# सांसद जगदंबिका पाल ने भीमापार रेलवे क्रॉसिंग को लेकर लोकसभा में रखी अपनी बात

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने



सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय के भीमापार रेलवे क्रॉसिंग को लेकर लोकसभा में अपनी बात रखी। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जहां पर काफी लोगों को दिक्कत हो रही हो वहां पर सरकार को सुविधा देना प्रथम कर्तव्य है रेलवे को यह बात सोची चाहिए। लोक सभा में भाजपा के सांसद जगदम्बिका पाल ने नियम 377 के अंतर्गत अपने संसदीय क्षेत्र डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर के जिला मुख्यालय नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भीमापार रेलवे फाटक के बंद होने से लगभग दर्जनों गांवों के आवागमन बाधित होने से उत्पन्न परिस्थितियों की तरफ संसद का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहाँ कि भीमापार रेलवे फाटक बंद हो जाने से लगभग दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित है होने से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर स्थानीय लोगो ने धारना भी दिया है। उक्त समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल खोलने की मांग किया एवं इस समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए एक रेलवे अंडर पास बनाने की मांग किया। जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान निकल सके और हमारे क्षेत्र की जनता को इस समस्या से इजात मिल सके।

# डुमरियागंज विधायक ने किया पूर्व सैनिक का सम्मान

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। सामाजिक कार्यों की अग्रणी सामाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी ने धारा 370 हटने का वर्षगाँठ मनाया। एक रंगारंग कार्यक्रम में डुमरियागंज के विराट मैरिज हाल में सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों के बीच धारा 370 हटने का जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके बाद ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चौरसिया ने मुख्य अतिथि डुमरियागंज के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह को अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक गीता और भारत माता का चित्र देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह ने भारतीय सेना में अपनी सेवा दे चुके भूतपूर्व सैनिक रणजीत सिंह को अंगवस्त्र, गीता, भारत माता का चित्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिसके बाद




एक एक करके संस्था के सदस्यों ने डुमरियागंज के उप जिलाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद, भनवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा, राजकीय महाविद्यालय चौखड़ा में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अजय और लवकुश शुक्ला को संस्था के सदस्यों ने सम्मानित किया। डॉ अजय ने अपने सम्बोधन में धारा 370 को लेकर कहा कि इस धारा के हटने से अब कश्मीर में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी तो वहीं मुख्य अतिथि डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि धारा 370 के हटने से अब ना सिर्फ पत्थरबाजी बंद हो गयी है बल्कि कश्मीर में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि जहां मोदी सरकार में पूरे देश में विकास हो रहा है तो वहीं पूर्व की सरकारों में की गई गलतियों को भी सुधारा जा रहा है राघवेंद्र सिंह ने ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि सोसाइटी के इस प्रयास से क्षेत्र में राष्ट्रवाद की एक नई लहर पैदा होगी । इस कार्यक्रम में जाने माने गायक रजनीश श्रीवास्तव ने भी अपनी टीम के साथ देश भक्ति गीतों से शमा बाँधा विराट मैरिज हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी डुमरियागंज त्रिभुवन प्रसाद, भनवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा, डॉ अजय, लवकुश शुक्ला, ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश चौरसिया, प्रदेश सचिव दिलीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष, रमेश अग्रहरि, कार्यकरिणी सदस्य सूरज श्रीवास्तव, मिलिंद मिश्रा, सदस्य,राम गोपाल साहू, सनी, अमित, भास्कर, अजय, राजकुमार, बसंत, लवकुश, नरसिँह, राहुल, समेत तमाम कार्यकर्ता और आम जनमानस उपस्थित रहा।

# नवनियुक्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी का हुआ भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। प्रथम आगमन पर विकास भवन में नवागत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मेमपाल सिंह का स्वागत पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति एवं पशु चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष डॉ अखिलेश कुमार सिंह, डॉ बी के राव, डॉ जे एल चौधरी,डॉ सुरेंद्र चौधरी द्वारा बुके एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। डॉक्टर मेमपाल सिंह मूलतः सहारनपुर जनपद के रहने वाले हैं तथा इसके पूर्व वह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर जनपद अमेठी में पदस्थ थे। वहां से उनका स्थानांतरण जनपद सिद्धार्थनगर में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर हुआ है।

# अपर पंचायती राज अधिकारी द्वारा निरीक्षंण के दौरान मिली कई खामियां

दैनिक बुद्ध का संदेश
भनवापुर/सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के पंड़िया और अमौली एकडेंगा मे बने पंचायत भवन व शौचालय का निरीक्षंण अपर पंचायती राज अधिकारी दिनेशचन्द्र राय ने किया। सबसे पहले ब्लाक क्षेत्र के अमौली एकडेंगा मे सामुदायिक,व्यक्तिगत शौचालयों का निरीक्षंण किया, जहां स्थिती संतोष जनक रही तथा अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं पंड़िया ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय तथा पंचायत भवन की स्थिति काफी खराब मिली। फर्श टूटे, प्लास्टर टूटा तथा बिना रंगायी पुतायी दिखी। इस मौके पर सचिव राकेश पाठक,एडीओ पंचायत लाले बीसी विजय भास्कर मिश्रा,आदि मौजूद रहे। इस बारे मे अपरजिला पंचायती राज दिनेशचन्द्र राय ने कहा कि आज किए गए जांच की रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लोगो के लिए लाइफलाइन : गुड्डू खान

दैनिक बुद्ध का संदेश
नौतनवां। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अपार सफलता पर आज पूरे देश मे अन्न महोत्सव मनाया गया। जिसके तहत देश के सभी 80 हजार सरकारी उचित दर की दुकानो पर लगे यल0ई0डी0 टीवी पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा पंजीकृत कार्डधारकों से प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज की वर्चुवल उपस्थिति में सीधा सम्बाद स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री ने इस योजना के बारे में बताते हुए कहा कि कोविड काल के दौरान आर्थिक विषमता से जूझ रहे आमजनों को इस सबसे बड़ी योजना ने राहत देने का कार्य किया है और 15 करोड़ लोगों तक निःशुल्क राशन की पहुच बनाई गई। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय इतिहास में ऐसा दूरदर्शी प्रधानमंत्री कभी नही मिला जो समाज के निचले तबके के बारे में भी ऐसी दूरदर्शी सोच रखता हो। उनकी सोच का परिणाम है



यह महत्वाकांक्षी योजना जिससे आमजन लाभान्वित हो रही है। नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड़डू खान ने नगर के मलीन बस्ती में कोटेदार के यहां 50 सरकारी झोले में खाद्यान्न वितरित कर अन्न महोत्सव मनाते हुए कहा कि ष्यह योजना लाकडाउन के दरम्यान सबसे ज्यादा प्रभावित परिवारो के लिए लाइफलाइन साबित हुआ, इसके लिए हम प्रधानमंत्री व यशस्वी मुख्यमंत्री को बधाई देते हैं। अन्न महोत्सव में नगर में स्थित सभी 16 दुकानदारो के यहां प्रधानमंत्री के सम्बाद का प्रसारण हुआ। इस अवसर पर शाहनवाज खान, राजकुमार गौड़, प्रमोद पाठक, खुर्शेद आलम, किसमती देवी, अनिल पटवा ,जितेन्द्र प्रसाद, अनुज राय, मो0 कुरैश आदि लोग उपस्थित रहे।

# कटान की वजह से दहशत में ग्रामीण

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। तहसील के पिकौरा गाँव के ग्रामीण



इस वक्त दहशत में जीने को मजबूर हैं। इस गाँव में राप्ती नदी के कटान के कारण लोग रात रात भर जागने को मजबूर हैं। जिस तरह से नदी कटान करते हुए आगे बढ़ रही है वो गाँव वालों के लिए एक चिंता का विषय बन गया है, अब तक कई लोगों का घर इस कटान के कारण गिर चुका है और कई ग्रामीणों का घर गिरने के कगार पर है, गाँव के शिव प्रसाद, सनोहर, गंगा केसर, मनोहर, छोटकू, निन्नू समेत कई लोगों का घर गिर चुका है जबकि शिवनाथ, भोला, बुद्धू, सांवन समेत कई लोगों का घर गिरने के कगार पर है। ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले में उच्चाधिकारियों से बात किया है और उन्होंने जल्द ही समाधान की बात की है। लिल्हा, परसु, सोना, लूले, भुलई, किशोर, दिलीप, फूलचंद, जगपूरन, मालती, शालिनी आदि ग्रामीणों ने आला अधिकारियों से मामले के जल्द समाधान की मांग की है जिससे वो गाँव में बिना किसी डर के रह सकें।

# मानव तस्करी को रोकने के लिए लोगों को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश
नौतनवां। जारा गांव में पंचायत प्रतिनिधि का प्रशिक्षण बैठक



किया गया जो कि पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति पी जी एस एस संस्था नौतनवां के माध्यम से कार्यक्रम किया गया। जिसमें मानव तस्करी रोकने, बाल श्रम रोकने, बाल विवाह रोकने एवं सरकारी योजना का लाभ दिलाने हेतु बातचीत किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पी जी एस एस के नेटवर्किंग कॉर्डिनेटर श्रवण, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, ग्राम प्रधान सोनी पासवान, एवं प्रतिनिधि मो व इरशाद ,सब इंस्पेक्टर मंगल सिंह, आदि लोग उपस्थित रहें।

# रेलवे पर कुल 86 इंडिपेंडेंट पी.आर.एस. केन्द्रों पर 173 काउण्टरों सहित 115 यू.टी.एस. कम पी.आर.एस. कार्यरत

गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे, महाप्रबन्धक श्री विनय कुमार त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यात्री प्रधान इस रेलवे पर यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य पूर्वोत्तर रेलवे पर प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस रेलवे पर कुल 86 इंडिपेंडेंट पी. आर.एस. केन्द्रों पर 173 काउण्टरों सहित 115 यू.टी.एस. कम पी.आर. एस. कार्यरत हैं। इस प्रकार कुल 201 स्थलों पर कम्प्यूटराइज्ड आरक्षित टिकट उपलब्ध कराया जा रहा है। यात्रा सम्बन्धी जानकारी के लिये 10 स्टेशनों पर टच स्क्रीन ‘कियास्क’ के साथ ही 136 स्टेशनों पर उत्कृष्ट जनसम्बोधन प्रणाली उपलब्ध करायी गयी है। 08 स्टेशनों पर ऑटो एनाउन्समेंट सिस्टम का प्रावधान किया गया है। इस रेलवे के 295 स्टेशनों पर निशुःल्क वाई–फाई की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। 70 स्टेशनों पर ट्रेन डिस्प्ले बोर्डोंको इन्टीग्रेटेड पैसेंजर इन्फार्मेशन सिस्टम (आई.पी.आई.एस.) के साथ एकीकृत कर एन.टी.ई.एस. से सम्बद्ध कर दिया गया है, जिसके फलस्वरूप बिना ह्यूमन इन्टरफेस के गाड़ी का सही समय प्रदर्शित होता है। सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के ठहरने हेतु रिटायरिंग रूम एवं डारमेट्री की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। स्टेशनों तथा गाड़ियों में खानपान की व्यवस्था फूड प्लाजा, पेंट्रीकार एवं ट्रेन साइड वेंडिंग के माध्यम से की जा रही है तथा प्रमुख 09 स्टेशनों पर ई–कैटरिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। स्टेशन भवनों को स्थानीय कला एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुये विकसित किया जा रहा है, जहाँ तकनीकी की स्टेट ऑफ आर्ट सुविधाओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी महत्वूपर्ण स्टेशनों पर उन्नत यात्री सुविधायें जैसे–लिफ्ट, एस्केलेटर, वाई.फाई. , कोच इंडीकेशन बोर्ड, ट्रेन इन्फार्मेशन सिस्टम, लाउन्ज, इन्टरनेशनल साइनेज तथा दिव्यांगों के लिये विशेष सुविधायें आदि उपलब्ध कराई गई हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर 25 लिट तथा 24 एस्केलेटर्स लगाये गये हैं। गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन का पूरी तरह कायाकल्प हो गया है। इस स्टेशन पर 02 अतिरिक्त प्रवेश द्वार (एक कैब वे की ओर से तथा दूसरा नये सेकेण्ड इण्ट्री की ओर से), एस्केलेटर, लिफ्ट बड़े आकार के वेटिंग हाल, सेकेण्ड इण्ट्री साइड पर हैंगिग वेटिंग हाल, आधुनिक रिटायरिंग रूम, फसाड लाइटिंग तथा पूर्णरूपेण विकसित सर्कुलेटिंग एरिया में 100 फीट लम्बे तिरंगे आदि की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की संरक्षा एवं बेहतर यात्रा सुविधा के लिये पूर्वोत्तर रेलवे की 34 जोड़ी ट्रेनों में अत्याधुनिक, आरामदायक एवं संरक्षित लिंक हाफ मैन बुश (एल.एच.बी.) कोच लगाये गये हैं। यात्री सुविधा के क्षेत्र में एक अभिनव प्रयोग के रूप में पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के सभी रेल खण्डों पर ट्रेनों में खाद्य सामग्री के अलावे अन्य उपयोग सामानों की बिक्री वेण्डरों के माध्यम से प्रारम्भ की गयी है।

# नवागत थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत



दैनिक बुद्ध का संदेश
गोला गोरखपुर। कोतवाली थाना गोला के नवागत थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार जी को कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन आज दिनांक 06ध08ध2021 को युवा समाज सेवी व शिवा पॉवर सोल्यूशन गोरखपुर के निदेशक तथा गोरखपुर व बनारस जोन टाटा मोटर्स लिमिटेड (टाटा आवाज रहित डिजल जनरेटर) के अधिकृत विक्रेता सूर्यनाम्बुज दूबे अपने समर्थकों बचपन के अभिन्न मित्र अखिलेश त्रिपाठी, प्रेम कुमार दूबे व सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे मित्रवत भाई सूरज तिवारी, मुकेश सिंह, के साथ थाना परिसर स्थित कार्यालय में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर मिष्ठान भेंट करते हुये। गोला थाना क्षेत्र के कोतवाल के रूप में कार्य भार ग्रहण करने के लिये बहुत बहुत बधाई व क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था कायम रखने, पीड़ितों की मदद, दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा दिलाने व भय मुक्त सुरक्षा व्यवस्था कायम रखनें के लिये अग्रिम शुभकामना।

# नाबालिक दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश
कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार



की दोपहर घर में अकेली सो रही दिव्यांग किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने देर रात केस दर्ज कर फरार आरोपित की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार किशोरी अकेली घर में सोई थी। उसके गांव का ही श्रीकिशुन चोरी से घर में घुसकर डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। चीखने– चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के बाहर खड़ी किशोरी की मां पहुंची और आरोपित से बच्ची को छुड़ाने लगी तो उसने पलटवार करते हुवे उसकी भी पिटाई कर दी और भाग निकला। देर शाम सीओ खडडा व थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष मिथलेश राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सम्पादकीय

**लेकिन रोजगार सृजन को लेकर ठोस व व्यावहारिक रणनीति तैयार करनी चाहिए। साथ ही हालातों के चलते कुछ युवा भटके हैं तो उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने के लिये उदार रवैया भी अपनाया जा सकता है ताकि वे फिर से राष्ट्र विरोधियों के चंगुल में न फंसें। प्रशासन की ...**

## बाज आएं पत्थरबाज

ऐसे वक्त में जब जम्मू–कश्मीर को राष्ट्र की मुख्यधारा से अलग–थलग रखने वाले अनुच्छेद 370 को हटाये दो साल होने को हैं, प्रशासन ने घाटी के युवाओं को अराजक कृत्यों में शामिल होने से रोकने के लिये सख्त कदम उठाये हैं। पाक के तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के इस कदम के खिलाफ रुदन और पाकपरस्त कश्मीरियों के उसके सुर में सुर मिलाने का उपक्रम कश्मीर की फिजा को खराब नहीं कर पाया। पहले केंद्र सरकार की सख्ती और बाद में कोरोना संक्रमण का दंश और उसे रोकने के लिये लगी पाबंदियों ने भारत विरोधी मुहिम को सिरे न चढने दिया। वहीं सुरक्षा बलों ने जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए बड़े आतंकवादियों का सफाया किया। लेकिन अब जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने आतंकवादियों के जाल में फंसे स्थानीय युवाओं को सेना व सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी करने से बाज आने को लेकर चेताया है। प्रशासन ने फैसला किया है कि पत्थरबाजी करते पकड़े गये युवा न तो अब सरकारी नौकरी के लिये आवेदन कर सकेंगे और न ही उन्हें पासपोर्ट हासिल करने की अनुमति मिल पायेगी। उसके लिये सीआईडी की संस्तुति जरूरी होगी। केंद्रशासित प्रशासन के इस निर्णय का मकसद जहां दीर्घकाल में युवाओं को आतंकवादियों के प्रलोभन व बहकावे में आने से रोकना है, वहीं दूसरी ओर अनुच्छेद–370 को हटाने की वार्षिकी नजदीक होने के चलते किसी संभावित अराजक कोशिशों पर रोक लगाना भी है। इसमें दो राय नहीं कि मोदी सरकार के साहसिक फैसले के बाद कश्मीरी लोगों में ऊहापोह की स्थिति थी और सीमा पार तथा भीतर के पाक समर्थकों द्वारा युवाओं को बरगलाया जा रहा था कि उनका भविष्य अंधकारमय है। इसी दुविधा में कुछ भ्रमित युवा आतंकवादियों के प्रलोभन या भावनाओं में बहकर सेना व पुलिस पर पत्थर फेंकने लगे थे। ये काम उन्हें मामूली रकम देकर भी कराया जा रहा था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में इन फोटुओं के जरिये दमन की तस्वीर उकेरने की साजिश की जा रही थी। निस्संदेह, हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में आतंकवादी घटनाओं के ग्राफ में तेजी से गिरावट आई है। एक ओर जहां प्रशासन की सख्ती है, वहीं पाक से लगी सीमा पर चौकसी से घुसपैठ पर काफी अंकुश लगा है। जिसके चलते खिसियाया पाक अब ड्रोन की मदद से अपने नापाक मंसूबों को अंजाम दे रहा है। बहरहाल, इसके बावजूद कश्मीर प्रशासन की कोशिश होनी चाहिए कि आतंकवाद की पृष्ठभूमि से किसी भी तरह के जुड़ाव रखने वाले युवाओं को देश की मुख्यधारा में शामिल करने के प्रयास हों। प्रशासन के स्तर पर सख्ती तो ठीक है, साथ ही लोगों का विश्वास हासिल करने का भी प्रयास करना चाहिए। नयी पीढ़ी के युवाओं को आतंकवादी सोच के लोगों के चंगुल में फंसाने से बचाने के लिये दीर्घकालीन रणनीति पर विचार किया जाये। बहुत संभव है कि देशव्यापी रोजगार संकट के चलते चंद रुपयों के प्रलोभन में कुछ युवा दहशतगर्दों के बहकावे में पत्थरबाजी के लिये तैयार हो जाते होंगे। यदि हर हाथ को काम मिल जाये तो शायद वे कच्चे प्रलोभन में फंसकर देश विरोधी कार्य नहीं करेंगे। ऐसे में घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए व्यापक स्तर पर व्यावहारिक रोजगारपरक कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में पर्यटन उद्योग, ऊनी उत्पादों व कुटीर उद्योग–धंधों से जुड़े तमाम तरह के रोजगार के अवसर सृजित किये जा सकते हैं। जरूरी नहीं कि हरेक को सरकारी नौकरी मिल सके।

## दो टके का वायरस, लाखों का सावन जाये

मृदुल कश्यप

वर्षा ऋतु प्रेम कविता की उत्पत्ति के लिए विशेष अनुकूल मानी गई है। कहा जाता है कि उमड़ते–घुमड़ते बादलों को देख कर कवि को श्कुछ–कुछ्य होने लगता है। जब मौसम विभाग अच्छे मानसून की भविष्यवाणी करता है और टी.वी. पर समाचार वाचिका उसका सम्पूर्ण विवरण देती है, मैं तभी समझ जाता हूं कि इस बार रबी की फसल अच्छी हो न हो पर कविता की फसल जरूर अच्छी कटेगी। अगर कभी किसी वर्ष में कविता का टोटा हुआ हो या कविताओं की रचना का ग्राफ गिरा है तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं, मौसम विभाग में उस साल के रिकार्ड खंगालिये। उस वर्ष मानसून जरूर कमजोर रहा होगा।

बारिश का मौसम प्रेमीजनों के लिए अपार संभावनाओं से भरा होता है। पर इस साल परिस्थिति अलग है। सालों से यह बरखा दिल में आग लगाती आई है। पर इस साल सोशल डिस्टेंसिंग होने की वजह से श्आंखें लड़्य नहीं पा रही हैं। श्आंखों में आंखें डालनेय के बजाय श्अंखियां चुराईय जा रही हैं। इन कारणों से प्रेम सूचकांक में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। श्आंखों की आपस में बातेंय न होने से प्रेम प्रकटन की घटना में कमी से कई थानों के रोजनामचे के पन्ने कोरे के कोरे पड़े हैं।

गर्ल्स होस्टल के आसपास के श्पुलिस सहायता केन्द्रोंय के अस्तित्व के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। श्प्रेम सूचकांक्य लुढ़कने से स्वयं कामदेव भी चिंतित हो गए हैं। और मार्केट श्स्ट्रेटेजीय का अध्ययन करने में जुट गए हैं। जमाना श्नजरे झुकानेय का है और अभी महबूब को श्आंखों में बसानेय का रिस्क नहीं लिया जा सकता, भले ही वह कितना भी श्आंखों का ताराय क्यों न हो। फेस मास्क के कारण प्रेमी और रोगी के बीच का भेद करना कठिन हो गया है। गोरे–गोरे मुखड़ों की फेस शील्ड शोभा बिखेरने लगी है।

लैपटॉप, मोबाइल जैसे अत्याधुनिक साधनों के चलते वैसे ही ओल्ड फैशन अंखियां उद्योग मंदी की चपेट में था। आमजन की पहुंच वाली पोस्टकार्ड जैसी इस सस्ती और शर्तिया तकनीक को कोरोना वायरस ने अपनी जकड़ में ले लिया है। अब प्रश्न यही उठ रहा है कि श्अंखियां मिलाऊं या अंखियां चुराऊं ।य श्आंखें चारय करने का खतरा अभी नहीं लिया जा सकता।

पर अब इस मुए वायरस के कारण श्आंखों ही आंखों में इशारेय को फिलहाल टालने में ही समझदारी है। अब तो सिर्फ श्पलकें बिछाय कर इंतजार ही किया जा सकता है। अब तो जब तक संक्रमण काबू में नहीं आता, उन्हें श्आंखों में बिठानेय का खतरा नहीं लिया जा सकता। अभी तो यही कह सकते हैं कि श्पास नहीं आना, दूर नहीं जाना क्योकि मोहब्बत बंद है ।य सामान्य स्थिति होने तक वीडियो कालिंग से ही काम चलाना पड़ेगा।

## पर्यावरण के अनुकूल बने विकास का मॉडल

**भारत जैसे विकासशील देश में पीने के पानी, सिंचाई एवं ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत है, जिससे संसाधनों का समुचित उपयोग एवं ठीक ढंग से पर्यावरण संरक्षण हो सके। इस व्यवस्था में वर्षा जल के संरक्षण, वैकल्पिक स्रोतों से ऊर्जा प्राप्त करने तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। ऐसी व्यवस्था से गरीबों का भी भला होगा। पहाड़ों पर बादल फटने और ग्लेशियर ...**

रोहित कौशिक

हाल ही में हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में बादल फटने से आई बाढ़ से कई लोगों की मौत हो गई। इस आपदा के कारण कई मकान, खड़ी फसल और एक लघु पनबिजली संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया। अक्सर बरसात के दिनों में पहाड़ी इलाकों में बादल फटने की घटनाएं होती रहती हैं। बादल फटने के कारण आई बाढ़ की वजह से हर साल पहाड़ों पर जान–माल का काफी नुकसान होता है।

दरअसल इस दौर में पहाड़ों पर लगातार निर्माण कार्य हो रहे हैं। विकास के इस दौर में पहाड़ों पर ऐसी जगह भी निर्माण हो रहा है, जहां निर्माण नहीं होना चाहिए। अगर हम प्रकृति का अतिक्रमण करेंगे तो प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाएगी ही। विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए निर्माण कार्य होने के कारण पहाड़ों का कटाव बढने लगा है। पहाड़ों की खुदाई के लिए जिन साधनों का इस्तेमाल किया जाता है, उससे पहाड़ दरकने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में जब बादल फटने की घटनाएं होती हैं तो वे काफी मात्रा में तबाही मचाती हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम केदारनाथ आपदा से सबक नहीं ले पाए और पहाड़ों पर जल प्रलय के शास्त्र को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को हरी झंडी देते चले गए। यही कारण है कि पिछले दिनों हमें चमोली में ग्लेशियर टूटने के कारण एक और बड़ी आपदा का सामना करना पड़ा। प्रारम्भ से ही पहाड़ों पर अत्यधिक जल विद्युत परियोजनाओं का विरोध होता रहा है। अनेक वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि पहाड़ों पर ये जल विद्युत परियोजनाएं भविष्य में और भी बड़ी तबाही मचा सकती हैं। हर क्षेत्र का अपना अलग पर्यावरण होता है। हम पहाड़ के पर्यावरण की तुलना मैदानी क्षेत्रों के पर्यावरण से नहीं कर सकते। यदि हम पहाड़ के पर्यावरण को समझे बिना विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तो बादल फटने या ग्लेशियर टूटने से होने वाली तबाही और बढ़ जाएगी।

दरअसल आज विकास का जो हवा महल बनाया जा रहा है, वह किसी न किसी रूप से आम आदमी की कब्र खोदने का काम ही कर रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम इस विकास पर अपनी पीठ थपथपाते रहते हैं। क्या हम विकास का ऐसा माडल नहीं बना सकते, जिससे पहाड़ के निवासियों को स्थाई रूप से फायदा हो। आज विकास के जो तौर–तरीके अपनाए जा रहे हैं, उनमें गरीब लोगों को अस्थाई फायदा होता है। इसीलिए वह ताउम्र गरीब बना रहता है और सत्ताएं तथा पूंजीपति विकास का स्वप्न दिखाकर उसे लगातार ठगते रहते हैं। इससे बड़ी विडम्बना और क्या हो सकती है कि इस व्यवस्था से त्रस्त आम आदमी और पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में खड़े होने वाले लोगों को भी सत्ताएं संदिग्ध बताकर गरीबों का दुश्मन घोषित करने पर लग जाती हैं।

ऐसी आपदाओं के कारण गरीब लोगों पर दोहरी मार पड़ती है। पहली मार तो व्यवस्था की होती है। सवाल यह है कि इस व्यवस्था से प्रभावित लोगों की मानसिक अवस्था के स्तर तक पहुंचाने वाले कितने अधिकारी और कर्मचारी हैं। जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना कर्तव्य निभाने में भी जोर पड़ता है, वे अपनी सरकारी नौकरी की मानसिकता से ऊपर उठकर अतिरिक्त कुछ नहीं कर पाते। ऐसी आपदाओं से प्रभावित लोगों पर व्यवस्था की मार से उपजी दूसरी मार मानसिक तनाव की पड़ती है। इस तरह उन्हें अनेक स्तरों पर मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। इसलिए पहाड़ के लोगों के भविष्य की ठोस और सार्थक कार्ययोजना बनाए बिना विकास की बात करना बेमानी है।

यह विडम्बना ही है कि देश में पिछले पचास वर्षों में बड़ी सिंचाई परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं लेकिन सूखे एवं बाढ़ से प्रभावित जमीन का क्षेत्रफल लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब समय आ गया है कि पिछले पचास वर्षों में बनी सिंचाई परियोजना से मिल रही सुविधाओं की वास्तविक समीक्षा की जाए। विश्व आयोग की भारत से सम्बन्धित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बड़ी सिंचाई परियोजनाओं से अधिक लाभ नहीं होता जबकि इसके दुष्परिणाम अधिक होते हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में बड़े बांधों के कारण विस्थापित करोड़ों लोगों में 62 प्रतिशत अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों से सम्बन्धित हैं। बड़ी सिंचाई परियोजनाओं के कारण जहां एक ओर कई लाख हेक्टेयर जंगलों का विनाश हुआ है वहीं दूसरी ओर इस तरह की परियोजनाओं से अनेक तरह की विषमताएं पैदा हुई हैं और इसका लाभ अधिकतर बड़े किसानों और शहरी लोगों को ही मिला है।

भारत जैसे विकासशील देश में पीने के पानी, सिंचाई एवं ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत है, जिससे संसाधनों का समुचित उपयोग एवं ठीक ढंग से पर्यावरण संरक्षण हो सके। इस व्यवस्था में वर्षा जल के संरक्षण, वैकल्पिक स्रोतों से ऊर्जा प्राप्त करने तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। ऐसी व्यवस्था से गरीबों का भी भला होगा। पहाड़ों पर बादल फटने और ग्लेशियर टूटने के कारण बाढ़ आना एक तरह से प्रकृति की चेतावनी ही है।

## सस्ता भोजन पैदा करने की बड़ी कीमत

**भारत में, जहां कृषि उत्पादन लगभग 29.19 करोड़ का होता है, कृषि को बतौर एक व्यवसाय आर्थिक सीढ़ी के निचले पायदानों पर रखा जाता है, अध्ययन करवा कर अन्न पैदा करने की वास्तविक कीमत को परिमाणित करने की जरूरत है। सस्ता भोजन मुहैया करवाने की नीति और कृषक को उत्पाद का सही मूल्य नहीं देने से कृषि संत्रास में ही रहेगी। वह आर्थिक और वैज्ञानिकश नीतियां जिनकी ...**

देविंदर शर्मा

बीबीसी पर हाल ही में प्रसारित साक्षात्कार में प्रिंस चार्ल्स ने कहारू श्जिन तरीकों से हम भोजन पैदा कर रहे हैं, उसका सीधा प्रभाव पृथ्वी की हमें बनाए रखने की क्षमता पर है, आगे इसका सीधा असर मनुष्य के स्वास्थ्य और आर्थिकी पर होता है। सस्ता भोजन पैदा करने की दुहाई, जो बेलगाम आर्थिक तरक्की पाने को लगी अंधी दौड़ का मूल आधार है, वह दरअसल आधुनिक औद्योगिकी–कृत खेती की श्गुप्त कीमतय को मूर्त रूप देने पर आधारित है ।य उन्होंने आगे कहारू श्फालतू एवं सस्ता भोजन पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करने से देश के छोटे खेतों के वजूद को खतरा पैदा हो गया है, अगर छोटे खेत–किसान गायब हो गए तो यह ब्रिटिश ग्रामीण अंचल का दिल चीरकर निकालने जैसा होगा ।य यह चेतावनी ऐसे समय पर आई है जब स्टाटिस्टा नामक वैश्विक वाणिज्यिक डाटा मंच ने पहले ही अनुमानों में कह रखा है कि यूके में कृषि से जुड़े कामगार और किसानों की तेजी से घटती संख्या वर्ष 2020 तक महज 1,07,700 रह जाएगी। अनेकानेक तरह से, उक्त चेतावनियों की प्रतिध्वनि मिसाल बन गए उस किसान आंदोलन में सुनाई देती है, जो इन दिनों भारत में चल रहा है, जिसको चलाने वाले आंदोलनकारियों को आंशका है कि एक बार केंद्रीय कृषि कानून लागू होने के बाद बड़ी कृषि–उद्योग कंपनियों की आमद से उनकी आजीविका हड़पे जाने की पूरी संभावना है। भारत में लगभग 86 फीसदी किसानों के पास औसतन 2 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, इससे वे लघु और हाशिए वाली श्रेणी में आते हैं। 1960 के दशक के मध्य में शुरू हुई हरित क्रांति का मकसद भूमि की प्रति इकाई पैदावार पर जोर देना था, लेकिन इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। लंबे अर्से से चली आ रही पिछली गलतियों को सुधारने की बजाय उनमें अधिकांश को बड़ी कृषि–उद्योग कंपनियों की आमद आसान करने को थोपा जा रहा है।

यहां मुझे वर्ष 2017 में विश्व जैविक कृषि सम्मेलन में दिया अपना संबोधन याद आ रहा था, जिसका शीर्षक था श्दुनिया को विषाक्त खेतों से खुद को मुक्त करना ही होगा ।य मैंने 6 सूत्रीय कार्य सूची में काफी तफ्सील से बताया है कि कैसे स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्योन्मुख–आधारित गतिविधियां चलाकर औद्योगिकी–कृत कृषि से पृथ्वी पर बरपे पर्यावरणीय विध्वंस को सही किया जा सकता है। खाद्यान्न पैदावार बढ़ाने पर जोर देने की प्रवृति ने न सिर्फ प्राकृतिक स्रोतों को ध्वस्त कर हमारे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया है–इसमें मिट्टी–पानी का ह्रास और मौसम में आए तीव्र बदलाव शामिल हैं–वरन इसके नतीजे में ऐसा गैर–टिकाऊ कृषि तंत्र बन गया है, जिसको पिछले कुछ सालों से दक्षता और प्रतिस्पर्धा बनाने की आड़ में बढ़ावा दिया जा रहा है, इसने बड़ी संख्या में इनसानी जिंदगियां लील ली हैं। सस्ता अन्न पैदा करने की श्गुप्त कीमतय के बारे में बार–बार बात होती आई है, अनेक जाने–माने विशेषज्ञ और यहां तक कि कुछ अंतर्राष्ट्रीय समितियां, जैसे कि इंटरनेशनल एसेसमेंट ऑफ एग्रीकल्चर नॉलेज, साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर डेवलेपमेंट (वर्ष 2009) और हाल ही में पार्थ दासगुप्त द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट श्द इकॉनोमिक्स ऑफ बायोडाइवर्सिटी 2021य चेताती है कि आने वाले समय में हालात पहले जैसे नहीं रहेंगे, लेकिन वैश्विक नेतृत्व ने इन चिंताओं को सरासर नजरअंदाज किया है। इसलिए यह देखना रोचक होगा कि आगामी सितंबर माह में होने जा रही फूड सिस्टम समिट में अन्न की पैदावार, प्रसंस्करण, ढुलाई और उपभोग के तंत्र में बड़े परिवर्तन लाने को संयुक्त राष्ट्र कौन–सा प्रभावशाली मार्गदर्शन पेश करता है। लेकिन जैसा कि एक मर्तबा अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि हम समस्या को ठीक उसी सोच के साथ हल नहीं कर सकते जो हमने इसको पैदा करते वक्त बरती थी। यह वही बात है, जिसकी ओर 300 से ज्यादा सिविल सोसायटी संगठन, लघु–स्तरीय उत्पादक, जनजातीय समाज और निजी साइंसदान–विशेषज्ञ ध्यान दिलाते आए हैं और यह वही है, जिसको यूएनएफएसएस ध्यान में रखे। तथाकथित पीपुल्स समिट का बहिष्कार करने का अभियान शुरू करते वक्त इन्होंने यूएनएफएसएस पर कॉर्पोरेट जमावड़े, गैर–टिकाऊ वैश्विकृत मूल्य संवर्धन शृंखला और सार्वजनिक संस्थानों पर कृषि–व्यापारियों के प्रभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। इस पर हैरानी नहीं होनी चाहिए, वर्ष 2009 में भी विश्व आर्थिक मंच ने श्कृषि का नया नजरियाय नामक विचार प्रस्तुत किया था, जिसे 17 बहुराष्ट्रीय कृषि–व्यापार कंपनियों के जरिए क्रियान्वित किया जाना था। वह समस्या जो दरअसल कई सालों से मुक्त मंडी व्यवस्था बनाने में मददगार कदमों की वजह से बनी है, उसका निवारण कॉर्पोरेट नीत मंडी आधारित प्रणाली से करना वह हल नहीं है, जिसकी दरकार आज नाजुक मोड़ पर खड़े विश्व को है। यह पुनर्विचार कि कृषि वक्त की जरूरत है और विश्व की आधी भूमि खेती के लिए उपयोग होती है, सघन कृषि तंत्र को बढ़ावा देने के परिणामस्वरूप, यह क्रिया ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में दूसरी सबसे बड़ी दोषी है। इतना ही नहीं, रॉकफेलर फांउडेशन की सामयिक रिपोर्ट दृ ट्रू कॉस्ट ऑफ फूड रू मेजरिंग व्हाट मैटर टू ट्रांसफॉर्म यूएस फूड सिस्टम–यह दस्तावेज न केवल सस्ता भोजन पैदा करने की एवज में अदा होने वाली असल कीमत को परिमाणित करता है, बल्कि श्गुप्त लागतय को मूल्यवान बताने से काफी परे जाकर जो कुछ बताता है, वह शायद हमारे जममग करते आर्थिक विचारों को झकझोर कर रख दे। आर्थिक सुधारों को व्यवहार्य बनाने हेतु सस्ता भोजन पैदा करना हमेशा जरूरी समझा गया है। अब तक यह इसलिए चलता आया है क्योंकि अर्थशास्त्री और नीति–निर्धारक इसकी असल कीमत नापने को तैयार नहीं हैं। लेकिन सस्ता खाद्यान्न पैदा करने के फेर में जो बड़े पैमाने के पर्यावरणीय बदलाव, जिन्होंने मनुष्य के स्वास्थ्य एवं आजीविका पर बहुत गहरा असर डाला है, वे इस कदर विकराल हैं कि झकझोर कर रख देने वाले इन आंकड़ों को अब और छिपाना किसी के वश में नहीं रहा। अमेरिकी उपभोक्ता हर साल तकरीबन 1.1 ट्रिलियन डॉलर भोज्य पदार्थों पर खर्च करते हैं। रिपोर्ट बताती है कि खाने की इस कीमत में भोजन से उत्पन्न बीमारियों के इलाज, पर्यावरण को पहुंचा नुकसान, मिट्टी–पानी और जैव विविधता को क्षति, ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से मौसम में बदलाव, कृषि में पैदा हुए संत्रास और बहुत से अन्य नुकसानों का मूल्य शामिल नहीं है। यदि उक्त सभी क्षतियों की कीमत जोड़ी जाए, तब कुल मिलाकर अमेरिकी खाद्य तंत्र का असल मूल्य कम से कम तीन गुणा बढ़कर यानी 3.2 ट्रिलियन डॉलर करोड़ प्रति वर्ष बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी, खाद्यान्न पैदा करने की वास्तविक कीमत उस मूल्य की तीन गुणा है जो उपभोक्ता अदा करता है। भारत में, जहां कृषि उत्पादन लगभग 29.19 करोड़ का होता है, कृषि को बतौर एक व्यवसाय आर्थिक सीढ़ी के निचले पायदानों पर रखा जाता है, अध्ययन करवा कर अन्न पैदा करने की वास्तविक कीमत को परिमाणित करने की जरूरत है। सस्ता भोजन मुहैया करवाने की नीति और कृषक को उत्पाद का सही मूल्य नहीं देने से कृषि संत्रास में ही रहेगी। वह श्आर्थिक और वैज्ञानिक्य नीतियां जिनकी वजह से कृषि संकट बना है, उससे वास्तविकता–आधारित हल देने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## सपा के साथ खड़ी है प्रदेश की जनताः रामहरि

देवरिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामहरि चौहान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित, पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग के लोग परेशान हैं। जनता के दर्द को यह सरकार महसूस नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा 2022 के चुनाव में इस सरकार को भुगतना पड़ेगा। वह साकेत नगर स्थित सपा जिलाध्यक्ष डा. दिलीप यादव के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर हरे थे। कहा कि प्रदेश में आज साइकिल यात्रा निकाल कर लोगों को सपा की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने प्रशासन के बल पर जो किया वह किसी से छिपा नहीं है।

## पत्नी की गला दबाकर पति ने कर दी हत्या

देवरिया। सदर कोतवाली के तिलई बेलवा में ..रात एक युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। वजह एक व्यक्ति से लिए गए कर्ज को वापस करने के लिए पत्नी दबाव बना रही थी। यह बात उसे रास नहीं आई। पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। गांव का पिटू यादव मजदूरी करता है। रात वह घर पहुंचा तो पत्नी रिकू देवी से उसकी तकरार हो गई। तकरार इतनी बढ़ गई कि पहले पिटू ने रिकू की पिटाई की और बाद में गला दबाकर हत्या कर दी। इसकी जानकारी लोगों को .सुबह हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पति पिटू को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पति पिटू के खिलाफ मृतका रिकू के बहनोई व रुद्रपुर कोतवाली के अहलादपुर के रहने वाले सुभाष यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। 30 हजार रुपये कर्ज लिया था पिटूः गिरफ्तार पिटू एक व्यक्ति से 30 हजार रुपये कर्ज लिया था। पिटू का कहना है कि जब वह घर पहुंचा तो पत्नी उससे उस कर्ज को वापस करने की बात कहने लगी। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और फिर मामला बिगड़ गया। पूरी रात घर में पड़ा रहा शव रात को ही पिटू ने पत्नी की हत्या कर दी। लेकिन इसकी भनक किसी को भी नहीं लगी। पूरी रात शव घर में ही पड़ा रहा। तीन बच्चे हो गए अनाथः पिटू दो भाई है। एक भाई अपना परिवार लेकर बाहर रहता है। पिटू मां, बच्चे व पत्नी के साथ रहता था। 11 साल पहले जिसके साथ उसने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिया, कभी नहीं वह सोची थी कि सात जन्मों तक साथ निभाने का वादा करने वाला ही उसकी हत्या कर देगा। बच्चों का कहना है कि आए दिन पिटू व रिकू के बीच विवाद होता था।

## पति दुबई में, ससुरालियों ने मारपीट कर महिला को निकाला

देवरिया । सदर कोतवाली के गोबराई की एक महिला को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। न्याय के लिए दिनभर महिला कोतवाली में बैठी रही। पुलिसकर्मियों ने न्याय दिलाने की बजाय मायके जाने की सलाह दे दी। जिसके बाद महिला मायके चली गई। गांव की रानी देवी का पति दुबई में रहता है। रानी अपनी एक बेटी व बेटे के साथ ससुराल में थी। रानी का आरोप है कि सुबह उसकी तबीयत खराब थी। ससुरालियों ने भोजन पकाने के लिए दबाव बनाने लगे, जिस पर उसने तबीयत खराब होने की बात कही तो देवर व ननद ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। दो साल के बेटे को अपने पास रख लिया है। उसे देने से इन्कार कर रहे हैं। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि मेरे सामने यह मामला नहीं आया था। महिला को न्याय दिलाया जाएगा।

## योग से मन को शांति और शरीर को मिलती है ऊर्जा

महराजगंज। योग की सभी विधायें मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। योग करने से जहां तनाव दूर होता है, वहीं मन को शांति और शरीर को ऊर्जा मिलती है। प्रत्येक मनुष्य को समय निकालकर योग अवश्य करना चाहिए। यह कहना है विस्मिल नगर के रहने वाले योग साधक कृष्ण कुमार का। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोगों को योग की महत्ता समझ में आई है। योग करने से सांस की प्रणाली नियंत्रित रहती है। योग की शशांकासन क्रिया के बारे में उन्होंने बताया कि नियमित अभ्यास से तनाव खत्म होता है व चिता दूर होती है, साथ ही यह मुद्रा क्रोध, भय आदि को कम करने में अहम भूमिका निभाता है। इस आसन को करने के लिए वज्राशन या पद्मासन में बैठ जाएं और रीढ़ की हड्डी को सीधी रखें। दोनों घुटनों को फैलाएं और दोनों बाहों को सिर के ऊपर उठाएं। बांहों को कंधे की चौड़ाई जितनी दूरी पर रखें। सांस छोड़ते हुए और बांह सीधी रखते हुए कमर से आगे की ओर झुकें। ठोड़ी और बांह फर्श पर टिकी होनी चाहिए और सामने देखने की कोशिश करें। सांस लेते हुए धीरे–धीरे आरंभिक अवस्था में आ जाएं। यह एक चक्र हुआ। इस तरह से आप तीन से पांच चक्र कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शशांकासन पीठ दर्द से पीड़ित व्यक्तियों को नहीं करना चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर संबंधी समस्या होने पर भी इस योगाभ्यास को न करें।

## बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बरतें सावधानी

महराजगंज। मौसम परिवर्तन के कारण तरह–तरह की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। इस समय बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। वर्तमान में सर्दी, जुकाम व बुखार की दिक्कत देखी जा रही है। इस तरह की परेशानी हो तो घबराएं नहीं, तुरंत इलाज कराएं। समय से इलाज मिलने पर बीमारी जल्द दूर हो जाएगी। यह कहना है जिला अस्पताल के डा. आरपी राय का। उन्होंने कहा कि प्रायरू देखा जाता है कि बुखार होने पर लोग तीन चार दिन तक अपने मन से दवा खाते हैं। सुधार नहीं होता है तब चिकित्सक के पास जाते हैं। उस समय तक स्थिति काफी बिगड़ चुकी होती है। इस तरह की लापरवाही से लोगों को बचना चाहिए। मास्क जरूर लगाएं एवं सर्दी, जुकाम व बुखार यदि होता है, उसमें लापरवाही न बरतें। डायबिटीज, किडनी व हृदय से संबंधित मरीज भी विशेष सावधानी बरतें। नियमित दवाओं को लेते रहें, साथ ही हर्बल चीजों का भी प्रयोग करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रहेगी तो बीमारी निकट नहीं आएगी। संक्रमण से बचाव के लिए गाइड लाइन का पालन करें।

# फर्जी फिगर बनाने वाले गिरोह का सरगना चढ़ा पुलिस के हत्थे

देवरिया। पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अंगुली का फर्जी फिगर तैयार करने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों को पुलिस ने उठा लिया है और पूछताछ कर रही है। पुलिस बड़ा पर्दाफाश करने की तैयारी में है। फर्जी फिगर तैयार करने वाले उपकरण व अन्य सामान को भी कब्जे में ले लिया है। जालसाजी कर रुपये निकालने की शिकायत किसी ने पुलिस से की थी। जिले की साइबर क्राइम सेल की टीम व कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहर के सिविल लाइन रोड पर मोहर बेचने वाले एक व्यक्ति को उठाया और पूछताछ की। जांच में पता चला कि वह अंगुली का फर्जी फिगर तैयार करने के साथ ही जिले के अलावा विभिन्न जनपदों में भी फर्जी लोगों के फिगर भेजने का काम करता है। एक फिगर बनाने में पांच से छह सौ और गैर जनपद के लोगों का एक हजार से पांच हजार रुपये तक की वसूली करते हैं। जहां बायोमेट्रिक सिस्टम लगे हैं, वहां के कर्मचारी भी इनके यहां से फर्जी फिगर तैयार कराते हैं। इसके अलावा कुछ ग्राहक सेवा केंद्र संचालक भी इनके सहयोग से फर्जी फिगर तैयार कर लोगों के खाते से रुपये निकालने का भी काम करते हैं। पहले भी पुलिस ने इसे पूछताछ के लिए उठाया था, लेकिन उस समय राज उगलवाने में पुलिस सफल नहीं हो सकी थी। पुलिसकर्मियों ने खुद तैयार करवाया फिगरः शिकायत मिलने के बाद जांच में जुटी पुलिस इस बार सतर्कता से इस गिरोह तक पहुंची है। पहले एक सिपाही भी उस दुकान पर पहुंचा और अपने अंगुली का फर्जी फिगर तैयार कराया। पूरा साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने उसे उठा लिया है। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

# तीसरी लहर से निपटने को आक्सीजन सिलिंडर युक्त एंबुलेंस तैयार

देवरिया। कोरोना संक्रमण की पहली व दूसरी लहर के दौरान जो भी समस्याएं आई उससे सीख लेकर स्वास्थ्य विभाग तीसरी लहर से दो–दो हाथ करने की तैयारी में है। जिले में एंबुलेंस की कमी से कोरोना संक्रमितों को कोविड अस्पताल ले आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सभी एंबुलेंस चालकों को समय से प्रशिक्षण भी नहीं मिल सका था। इस बार सभी 77 एंबुलेंस चालकों को प्रशिक्षण देकर तैनात किया जाएगा। जिससे मरीजों को कोविड अस्पताल ले आने में कोई परेशानी न हो। पिछली बार अधिकांश मरीजों को एंबुलेंस नहीं मिल सका, जिससे लोग अपने निजी वाहनों से मरीजों को लेकर कोविड अस्पताल पहुंचे। जिले में 108 एंबुलेंस 35 व 102 एंबुलेंस की संख्या 38 है। एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की संख्या चार है। दूसरी लहर में आधा एंबुलेंस चालकों को ही प्रशिक्षित किया जा सका था। इस बार सभी 77 एंबुलेंसकर्मियों को प्रशिक्षण देकर तैनात किया जाएगा। सभी एंबुलेंस में आक्सीजन सिलिंडर का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा प्राइवेट जिले में 44 एंबुलेंस भी हैं। जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग किया जाएगा। दूसरी लहर में एक भी एंबुलेंस चालक नहीं हुए कोरोना पाजिटिव दूसरी लहर में सावधानी से एुबुलेंस चालकों ने कार्य किया। पीपीइ किट पहन कर कार्य करने व सैनिटाइजर का प्रयोग करने के कारण एक भी एुबुलेंस चालक कोरोना पाजिटिव नहीं हुए। हालांकि वाहन में कोरोना संक्रमितों को पूरा दिन गांव से अस्पताल ले आने का कार्य करते थे। रैपिड रिस्पांस टीम के साथ दिन रात एंबुलेंस कर्मियों ने सेवा दी। एंबुलेंस कर्मियों को लगवाया गया टीकाः पिछली बार की तुलना में इस बार सभी एंबुलेंस चालकों को प्राथमिकता के आधार पर कोरोनारोधी टीका लगवा दिया गया है। जिससे सभी का आत्मबल मजबूत है। इसके अलावा सभी एंबुलेंस चालकों व सहकर्मी को कोरोना से बचाव के लिए प्रशिक्षण की रूप रेखा तैयार कर ली गई है। एक सप्ताह के अंदर उन्हें प्रशिक्षण दे दिया जाएगा।

# टोक्यो ओलिपिक में हाकी टीम की जीत पर खिलाड़ियों ने मनाया जश्न

देवरिया। टोक्यो ओलिपिक में भारतीय पुरुष हाकी टीम ने जर्मनी को 5–4 गोल से पराजित कर 41 वर्षों के बाद कांस्य पदक जीता है। इस ऐतिहासिक विजय पर रविद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हाकी टीम समेत अन्य खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी के के पांडेय ने कहा कि आज का दिन वास्तव में ऐतिहासिक है। भारतीय हाकी खिलाड़ियों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। आज का दिन इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाथी प्रशिक्षक शकील अहमद, भारोत्तोलन प्रशिक्षण रवि कुमार शर्मा, क्रिकेट प्रशिक्षक पवन कुमार खो खो प्रशिक्षक शालिनी शर्मा, व्यास चतुर्वेदी, सोहेल खान, फारुक, जिला हाकी संघ के अध्यक्ष संजय केडिया, सचिव अकरम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। उधर जिला ट्रांसपोर्ट बार एसोसिएशन ने भी हॉकी टीम के खिलाड़ियों की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे खिलाकर खुशी का इजहार किया। यहां मुख्य रूप से अध्यक्ष अजय चंद, मंत्री गोपाल पांडेय के अलावा अखिलेश्वर मणि, डा. हरीश चंद्र पति त्रिपाठी, रवि मिश्रा, सुग्रीव मिश्र, धर्मेंद्र मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, सच्चिदानंद श्रीवास्तव, रामप्रवेश, विजय शंकर चौबे, सुनील श्रीवास्तव आदि ने खुशी का इजहार किया।

देवरिया के संजीव सिंह कर चुके हैं ओलिपिक में दो बार प्रतिभागः देवरिय। जिले के खोरमा कन्हौली गांव निवासी संजीव दो बार ओलिपिक में हिस्सा ले चुके हैं। वह सीओल ओलिपिक 1988 में व 1996 ओलिपिक अटलांटा में तीरंदाजी में प्रतिभाग कर चुके हैं। उन्हें 1992 में अर्जुन अवार्ड व 2007 में द्रोणाचार्य पुरस्कार मिल चुका है। वह जिले में तीरंदाजी का प्रशिक्षण अकादमी खोलने के प्रयास में लगे हैं। मौजूदा समय में साईं परफार्मेंस डाइरेक्टर के पद पर भारती खेल प्राधिकरण भारत सरकार सोनीपथ हरियाणा में काम कर रहे हैं। जिले में तीरंदाजी का प्रशिक्षण केंद्र खोलने में लगे हैं।

# सरकारी कार्यों की फाइलों का सिस्टम बेहद लाचार

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। नगर निगम में अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी कार्यों की फाइलों का सिस्टम बेहद लाचार है। ठेकेदार व पार्षद से लेकर सामान्य लोग भी सरकारी फाइलों को लेकर हाथों में लेकर घूम रहे थे। इस लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नए नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने नया आदेश जारी किया है। कड़े निर्देश दिए हैं कि कोई भी फाइल विभागों में हाथों में लेकर नहीं घूमेगा। सरकारी फाइलों के मूवमेंट के लिए एक पूरा सिस्टम बना हुआ है। किसी भी कार्य का प्रस्ताव पास होने के बाद उसकी फाइल तैयार होती है। इसके बाद जिस पटल की फाइल होती है रजिस्टर में चढ़ाकर फाइल आगे अधिकारी को भेजी जाती है। ऐसे ही फाइल चलती है। इसके बाद फाइनली नगर आयुक्त के पास पहुंचती है और शाइन होने के बाद पेमेंट के लिए जाती है। फाइलें लेकर सरकारी कर्मचारी ही एक विभाग से दूसरे विभाग लेकर जाते हैं। लेकिन सेटिंग के चलते ठेकेदार खुद ही फाइलें लेकर घूमते थे और अधिकारियों से पास करा लेते थे। नगर निगम के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में ठेकेदारों और पार्षदों का इस कदर बोलबाला है कि वे फाइलें खुद ही जोन से लेकर आते हैं और हस्ताक्षर से लेकर मुहर तक खुद ही लगवाते हैं। कई बार पार्षद खुद ही नगर आयुक्त के पास सीधे फाइल लेकर चले जाते थे। नगर आयुक्त के कड़े तेवर देखने के बाद चीफ इंजीनियर एसके सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय संखवार, लाइटिंग चीफ इंजीनियर आरके पाल और जोनल अफसरों समेत सभी अधिकारियों ने आदेश जारी कर दिए हैं कि कोई भी फाइल विभागीय स्तर से ही जाएगी। ठेकेदार और अन्य व्यक्तियों के हाथ में फाइल जिसने भी दी उस अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# छापेमारी में 180 बोतल नेपाली शराब बरामद

नौतनवा। अवैध शराब के धंधेबाजों के खिलाफ एसडीएम राम सजीवन मौर्य की अगुवाई में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें कई गांवों से नेपाली शराब बरामद हुई और आरोपित पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान नौतनवा के देसी, अंग्रेजी व बीयर की दुकानों पर जांच पड़ताल कर अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने बताया कि अपर मुख्य सचिव आदेशानुसार 72 घंटे का अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी इंस्पेक्टर संदीप नाथ त्रिपाठी ने बताया कि परसामलिक थाना क्षेत्र के कई गांवों में दबिश डाली गई, जिसमें सगरहवा गांव से एक व्यक्ति के पास से 70 शीशी नेपाली शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। नौतनवा थाना क्षेत्र में अलग–अलग घरों से छापेमारी में 110 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। जबकि मौका देख धंधेबाज भागने में सफल रहे। वहीं नौतनवा नगर के देसी, अंग्रेजी व बीयर की दुकानों पर छापा मारा गया, जहां स्टाक रजिस्टर, स्पायर डेट, साफ–सफाई की जांच पड़ताल करते हुए विक्रेताओं को शख्स दिशा निर्देश दिए गए कि किसी भी दशा में अवैध शराब की बिक्री संभव न हो, हालांकि दुकानें नियमानुसार संचालित पाई गई, कहीं पर भी गंभीर प्रकार की अनियमितता नहीं दिखी। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे। दस क्विटल लहन नष्ट, 20 लीटर कच्ची शराब बरामदः कोठीभार । उपजिलाधिकारी निचलौल प्रमोद कुमार के नेतृत्व में . आबकारी विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त छापेमारी में स्थानीय थाना क्षेत्र के खेसरारी के मुसहरी टोला में दस क्विटल लहन नष्ट किया गया। साथ ही 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। इसके अलावा टीम ने सिसवा कस्बा व देहात क्षेत्र के देसी, अंग्रेजी शराब की दुकानों की जांच किया। इस दौरान दुकानों पर रेट लिस्ट, क्यूआर कोड, बार कोड का मिलान किया गया। साफ सफाई रखने सहित अन्य निर्देश दिए गए। आबकारी निरीक्षक राकेश कुमार, धनवीर सिंह मौजूद रहे।

# गदनपुर गांव में तीन घरों से 8 लाख के जेवर व नकदी चोरी

हरदोई ।बघौली थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर 50 हजार नगदी समेत 8 लाख के जेवर बर्तन पार कर ले गए। थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव में बीती रात को अज्ञात चोरों ने हमीद पुत्र जमील के यहां चोरों ने दरवाजे के मेन गेट की कुंडी खोल कर घर में और घर में रखी अलमारी तथा बक्से का ताला तोड़कर 3 जोड़ी गले के हार तथा 3 जोड़ी झूमर सोने के 3 जोड़ी झुमकी पांच अंगूठी सोने की 3 जोड़ी टीका सोने का 3 जोड़ी नथुनी तथा 1 जोड़ी सोने की लॉकेट तथा 5 जोड़ी पायल चांदी की करीब 1 किलो तथा 3 जोड़ी हाथ फूल एक जोड़ी चोटी चांदी की 1 जोड़ी चांदी का तोला 30 हजार नगदी समेत करीबन 5 लाख रुपए के पार कर ले गए हामिद के परिजन जब सुबह उठे तो घर में सामान अस्त–व्यस्त देखा तो सारा सामान घर पर गायब था। वहीं दूसरी घटना इसी गांव निवासी रमेश राठौर पुत्र गोकरन के घर पर चोरों ने दीवार से चढ़कर घर में घुस गए तथा बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखे 1 जोड़ी सोने की टप 1 जोड़ी सोने की झुमकी 2 जोड़ी पायल चांदी की 1 जोड़ी चांदी का कमर बिछुआ चांदी का गुच्छा तथा 40 किलो पीतल के बर्तन तथा 20 हजार नगदी समेत जेवर करीब ढाई लाख रुपए का पार कर ले गए वही गांव के एक अन्य श्यामू पुत्र रामचंद्र के यहां घर में रखे एक बैटरी तथा ₹3000 नगदी उठाकर फरार हो गए हालांकि हमीद समेत तीनों लोगों ने थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कर जांच की मांग की चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुभाष चन्द्र सरोज का कहना है पीड़ित की तहरीर मिल चुकी है जांच कर जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना का शुरू हुआ महोत्सव कार्यक्रम




कसया, कुशीनगर । प्रधानमंत्री अन्न कल्याण योजना के तहत शुरू हुए अन्न महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित सस्ते गल्ले की दुकानों पर गरीबों को पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी के छपे तश्वीर वाले थैले में खाद्यान्न वितरित किया गया। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के महन्थ अवैद्यनाथ नगर में पहुंचेहियुवा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व नामित सभासद ओमप्रकाश वर्मा, तहसील अध्यक्ष विनोद गिरी, ब्लाक अध्यक्ष प्रमिल गुप्ता, न.अ. अमरचंद हिंदुस्तानी, महेश कुशवाहा ने कोटेदार रामब्यास कुशवाहा की दुकान से निःशुल्क खाद्यान वितरित किया। बेलवा पलकधारी सिंह व बटेसरा में लेखपाल विनोद कुमार सिंह ने राशन वितरित कराया। इस अवसर पर ग्रामप्रधान मोहनलाल गुप्ता, कोटेदार प्रतिनिधि नत्थू यादव, नन्द सिंह, मनौवर अंसारी, बिडीसी ब्यास यादव आदि उपस्थित रहे। धुरिया में सुनील राय के कोटे की दुकान से ग्रामप्रधान वीरबहादुर राय ने गरीब परिवारों को बैग में निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया। इस अवसर पर ग्रामप्रधान श्री राय ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है। जो वंचित हों उन्हें दिलाना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

# कोरोना से प्रभावित परिवारों को राशन किट किया गया वितरित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। होप वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा करमा ब्लॉक के सरौली



गाँव मे कोरोना से प्रभावित परिवारों में राशन किट वितरित किया गया। राशन किट वितरण का कार्य युवा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी एंव समाजसेवीधविवेकानंद यूथ एवार्ड से सम्मानित मनोज कुमार दीक्षित के द्वारा किया गया। तिवारी ने ग्रामीणों को बताया कि शासन और प्रशासन के सहयोग के लिए हर गाँव मे तीस महिलाओ का ग्रीन ग्रुप का गठन किया जा रहा है। जो अपने गांव की जमीनी हकीकत की जानकारी शासन प्रशासन तक पहुंचाती रहेंगी। दीक्षित ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के आदर्श सौरभ कान्त पति तिवारी के अथक प्रयास से हमारे पिछड़े एंव आदिवासी जनपद में होप वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप राशन किट वितरण, कोरोना से बचाव के लिए मेडिकीट का वितरण लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के जिला प्रभारी रोहित पाठक के माध्यम से हम अपने जनपद के जरूरतमंदों तक पहुंचकर यथा सम्भव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य साहिद खान एंव सिरसिया ठकुराई के अध्यक्ष अजित पटेल व समाजसेवी चंदन पटेल ने कहा कि आज अतरौली राजा गांव में जो ग्रीन ग्रुप का गठन किया गया और उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप राशन किट दिया गया निश्चय ही इससे गांव की महिलाओं में जागरूकता आएगी। उक्त अवसर पर जयनाथ पटेल, कुमार पटेल, शिला, मीना, रीता, सुदामी, तेतरी, पार्वती, तपेसरी, इमरती, गीता, लालती, सोना, श्रृंगारी, सोनमती इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को कर रहा साकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। प्रत्येक युवा का यह सपना होता है कि वह रोजगार के माध्यम से घर–परिवार की जिम्मेदारी संभाले। इस योग्य बने कि अपनी आजीविका प्राप्त कर सके तथा माता–पिता एवं अन्य परिवारजनों की देखभाल हेतु आय अर्जित कर सके। युवाओं के ऐसे ही सपने को साकार करने के लिए प्रदेश का व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उन्हें आई0टी0आई0 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध करा रहा है। आई0टी0आई0 का पूरा नाम है 'इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट। हिन्दी में इन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नाम से जाना जाता है। लेकिन इनकी प्रसिद्धि आई0टी0आई0 के रूप में ही ज्यादा है। आई0टी0आई0 एक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट है जो औद्योगिक क्षेत्र में प्रशिक्षित श्रमबल को उपलब्ध करानेे का कार्य करते हैं। आई0टी0आई0 इस रूप में एक जॉब स्पेसिफिक कोर्स होता है जो विद्यार्थियों को कम समय में मार्केट रेडी बना देता है। यह कक्षा आठ व हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को आई0टी0आई0 के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अवसर देता है। उत्तर प्रदेश में स्थापित कुल 305 राजकीय आई0टी0आई0 तथा कुल 2749 निजी आई0टी0आई0 में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए कुल मिलाकर 4 लाख 94 हजार से ज्यादा सीटें उपलब्ध है। राजकीय आई0टी0आई0 में 70 व्यवसायों तथा निजी आई0टी0आई0 में 51 व्यवसायों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है। इन आई0टी0आई0 में सत्र 2021–22 में प्रवेश के लिए मेरिट आधारित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरूआत दिनांक 04.08.2021 से हो गयी है। महिलाओं के प्रशिक्षण के लिए प्रदेश में 12 विशिष्ट राजकीय संस्थानों के अतिरिक्त 47 महिला शाखाएं स्थापित है। प्रदेश के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में भी 43 राजकीय आई0टी0आई0 स्थापित है। इस प्रकार प्रदेश सरकार का विजन है कि प्रत्येक वर्ग एवं प्रत्येक क्षेत्र के अभ्यर्थी इनमें प्रवेश पा सकें। इन सभी आई0टी0आई0 में शासन के नियमानुसार आरक्षण दिया जाता है एवं महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था है। प्रदेश की अनुसूचित जातिध्जनजाति एवं पिछड़े वर्गो का विकास सुनिश्चित करने हेतु तथा इस वर्ग के वंचित युवाओं को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करने हेतु अनुसूचित जाति सबप्लान (एस0सी0ध्एस0टी0) के अन्तर्गत 84 विशिष्ट राजकीय आई0टी0आई0 स्थापित हैं। जिनमें 70 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जातिध्जनजाति तथा 15 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ी जाति हेतु आरक्षित है। इन आई0टी0आई0 में वायरमैन, पेन्टर, वेल्डर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, फूड प्रोडक्शन जनरल, ट्रैवल टूर असिस्टेंट, फिटर टर्नर, मशीनिस्ट, ग्राइण्डर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रीशियन (पावर डिस्ट्रीब्यूशन), ड्राफ्टमैन (मैकेनिक एवं सिविल), रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, फिजियोथेरेपी टेक्नीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इण्डस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट आदि अनेक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन सभी कोर्सों में कुछ की शैक्षणिक योग्यता 8वीं तथा कुछ की 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हैं। साथ ही यह एक वर्ष या दो वर्ष की अवधि के पाठयक्रम हैं। जिसके पश्चात प्रशिक्षित युवक–युवतियों के लिए सरकारी प्रतिष्ठानों जैसे रेलवे, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, पी0डब्लू0डी0, सिंचाई विभाग, व्यवसायिक शिक्षा विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग आदि में रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। इसके अतिरिक्त अर्धसरकारीध निगमध्परिषद जैसे भेल, गेल, सेल, यू0पी0पी0सी0एल0, एच0ए0एल0, ओ0एन0सी0सी0, एन0टी0पी0सी0 आदि में भी रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं। प्रतिष्ठित निजी प्रतिष्ठानों जैसे टाटा मोटर्स, मारूति सुजुकी, ह्यूण्डई, रिलायंस, जिंदल, विप्रो एवं अन्य में भी आई0टी0आई0 प्रशिक्षण प्राप्त युवक–युवतियों को रोजगार के अच्छे पर्याप्त अवसर मिलते हैं। देखा जाए तो आई0टी0आई0 से प्रशिक्षण के उपरान्त उनकी प्रतिभा में निखार आ जाता है और वे हमारे औद्योगिक क्षेत्र को गति प्रदान करने हेतु तथा स्वयं अपना विकास करने हेतु योग्यता हासिल कर लेते हैं। आई0टी0आई0 प्रशिक्षित व्यक्ति यदि स्वरोजगार करना चाहें तो उन्हें सरकार द्वारा मुद्रा लोन योजना के तहत बिना गारंटी ऋण सुविधा उपलब्ध होती है। इस प्रकार आई0टी0आई0 का कोर्स स्वरोजगार को भी बड़ी मात्रा में बढ़ावा दे रहा है। शासनादेश के अनुसार कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के उपरान्त दो वर्ष या उससे अधिक के पाठ्यक्रमों में आई0टी0आई0 प्रमाण पत्र धारकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल (कक्षा 10) की हिन्दी विषय की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण करने की स्थिति में उसे कक्षा 10 (हाईस्कूल) के समकक्ष माना जाता है तथा ऐसे ही कक्षा 10 के उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को दो वर्ष या उससे अधिक के पाठ्यक्रमों में आई0टी0आई0 प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के उपरान्त इण्टरमीडिएट की हिन्दी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर परिषद की इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) के समकक्ष माना जाता है। यह उन छात्रों के लिए वरदान है जो आगे उच्चशिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। इसके अतिरिक्त यदि आई0टी0आई0 से उत्तीर्ण प्रमाणपत्र धारक उत्तर प्रदेश में पॉलीटेक्निक में प्रवेश हेतु अर्ह होते हैं, तो उन्हें संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश दिया जाता है। प्रदेश का व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग आई0टी0आई0 के विभिन्न कोर्स के द्वारा युवक–युवतियों के कौशल संवर्द्धन का कार्य कर रहा है। जिसके माध्यम से उन्हें भावी रोजगार के लिए तैयार कर रहा है एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश सरकार अपने युवाओं का राष्ट्रीय विकास में योगदान सुनिश्चित कर रही है। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग सरकारी, निजी एवं स्वरोजगार में अवसरों की प्राप्ति की दिशा में युवा वर्ग को प्रशिक्षित कर महती जिम्मेदारी निभा रहा है।

# हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा , दो गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के सड़क टोला में 1 अगस्त की रात शिवकुमार खरवार व उनकी पत्नी हीरामनी को मामूली विवाद में उसके ही बगल के रहने वाले दो सगे भाइयों ने मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस भी सकते में आ गयी कि आखिर दम्पत्ति को इतनी बेरहमी से मारने के पीछे कारण क्या हो सकता है। पुलिस हर जगह अपने मुखबीर को लगा रखा था ताकि इस हत्याकांड का खुलासा जल्द किया जा सके क्योंकि घटना को लेकर न सिर्फ कानून व्यवस्था पर बल्कि सोनभद्र पुलिस पर भी सवाल खड़ा हो रहा था। इसी बीच पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दम्पत्ति हत्याकांड का आरोपी आसनडीह पुलिया के पास छत्तीसगढ़ भागने के फिराक में खड़े हैं। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेरा बन्दी की तो आरोपी भागने लगे लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया और फिर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल फावड़ा बरामद कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने आज खुलासा करते हुए बताया कि पूछताछ में अभियुक्त इंद्रदेव ने बताया कि शिवकुमार के जानवरों द्वारा उनके खेत की फसल को चर लिया जाता था। इस बात को लेकर कई बार दोनो पक्षों के बीच अक्सर आपस



में विवाद होता रहता था। इसी बात से तंग आकर अभियुक्त इंद्रदेव द्वारा अपने छोटे भाई बलदेव के साथ मिलकर शिवकुमार का काम तमाम करने का इरादा बना लिया और 01ध02 अगस्त की रात्रि में शिवकुमार खरवार व उसकी पत्नी हीरामनी पर घर में सोते समय फावड़े से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया, जिसमे हीरामनी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी जबकि शिवकुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था , जिसका वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्याकांड में दो अभियुक्त इन्द्र देव गोंड पुत्र हीरा सिंह गोंड व बलदेव गोंड पत्र हीरा सिंह गोंड दोनों निवासी ग्राम बभनी सड़क टोला को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से आला कत्ल फावड़ा बरामद किया गया है। इस खुलासे में अजय कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना बभनी , नि0 श्याम बहादुर यादव प्रभारी स्वाट ,उ0नि0 देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना बभनी ,उ0नि0 अमित त्रिपाठी प्रभारी एसओजी सोनभद्र , मय टीम ,उ0नि0 सरोजमा सिंह प्रभारी सर्विलांस सोनभद्र , मय टीम ,उ0नि0 राजेश कुमार सिंह थाना बभनी ,हे0का0 संजय यादव थाना बभनी, हे0का0विनोद कुमार थाना बभनी हे0का0रोहित कुमार थाना बभनी शामिल रहे।

# सपा यूथ ब्रिगेड के प्रथम आगमन पर पार्टी कार्यालय पर हुआ जोरदार स्वागत



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश कोषाध्यक्ष विपिन मिश्रा के प्रथम आगमन पर जिला पार्टी कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया गया एवं समाजवादी यूथ ब्रिगेड के संगठन की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष सूरज मिश्रा ने किया और संचालन समाजवादी ब्रिगेड के जिला महासचिव विनीत सरोज ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश कोषाध्यक्ष विनीत मिश्रा ने कहा कि जब से देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से नौजवान बेरोजगारी और भुखमरी के कगार पर आ गया है सबसे अधिक भाजपा सरकार में नौजवानों का शोषण किया जा रहा है। वही जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव थे तो बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता लैपटॉप कन्या विद्याधन एवं तमाम योजनाओं के माध्यम से नौजवानों का विकास करने का काम किया और वहीं दूसरी तरफ सभी वर्गों के लिए जनहित योजनाओं के माध्यम से विकास करने का काम किया। बैठक में मुख्य रूप से हिदायत उल्ला खान, सूर्यकांत द्विवेदी, मनु पांडे, नीतीश पांडे, पवन पटेल, ज्यूतेष कुमार, पवन यादव, सुशील राम पीयूष यादव, हरिशंकर विश्वकर्मा, तौफीक खान, सतीश शुक्ला, राजन गोलू मद्धेशिया, संदीप जयसवाल, रोहित सोनकर, महावीर यादव शीतल सोनी अजीत कनौजिया विनीत पांडे के साथ इस ब्रिगेड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिरौली थाना क्षेत्र में बैंक स्टाफ खातेदार के साथ कर रहे खिलवाड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

ऑवलाध्बरेली। सिरौली थाना क्षेत्र में आए दिन धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिलहाल का सामने आया है ,जो कि पीएनबी शाखा बरसेर से होरी लाल पुत्र नत्थू लाल के कुछ दिन पहले उनके खाते से 3 लाख 5 हजार रूपये बैंक स्टाफ व ठब् च्वपदज की मिलीभगत से उड़ा दिए गए। स्टाफ की चोरी पकडे जाने पर खाते धारा के दबाव बनाने पर मजबूर हो कर बैंक मैनेजर ने खाता धारक के खाते में 3 लाख 5 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। ऐसे ही कई अन्य मामले पिछले समय में हो चुके हैं, इनका भी निस्तारण कुछ इसी तरह किया गया है। पहले तो ठब् च्वपदज द्वारा खाते धारक के खाते से बिना बताए रुपए निकाल लिए जाते हैं। जब खाता धारक इसको लेकर बवाल करता है तब यह ठब् च्वपदज वाले व बैंक वाले यह कह कर सुलझा देते हैं मामला सुलझा देते हैं कि गलती से आपके खाते से रुपए ज्यादा निकल गए और अगर खाताधारक सीधा–साधा है तो ज्यादा रुपए निकाले हुए ठब् च्वपदज व शाखा स्टाफ आपस में बांट लेते हैं इसी तरह ठब् च्वपदज की एक और धंधले बाजी ही चल रही है जैसे कि कोई भी व्यक्ति खाता खुलवाने आता है तो उससे 200 रूपये से 1000 तक वसूलते हैं। जबकि यह सुविधा निशुल्क है व खाता खोलने में पैन कार्ड की अनिवार्यता जबकि बैंक ने खत्म कर रखी है। उसके बावजूद भी ठब् च्वपदज वाले अपनी जेब गर्म करने के लिए जो व्यक्ति खाता खुलवाने आता है अगर उसके पास पैन कार्ड नहीं है तो उसका खाता खोलने से मना कर देते हैं और पैन कार्ड बनवाने के लिए मजबूर करते हैं इससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है इस संबंध में क्षेत्र की जनता उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर है।

# जनपद के प्रथम बिधायक ब्रजभूषण मिश्र की पूण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,निर्भीक पत्रकार,गांधीवादी विचारक,जनपद के प्रथम विधायक पं0 ब्रज भूषण मिश्र ग्रामवासी दादा की 26वीं पुण्यतिथि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीते शुक्रवार को चोपन नगर के सोन तट पर स्थित ग्रामवासी सेवा आश्रम में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपाली स्मृति संस्थान लखनऊ की महासचिव एवं ग्रामवासी सेवा आश्रम की संस्थापक,अंतर्राष्ट्रीय वायलिन वादक,वरिष्ठ लेखिका शुभाशा मिश्रा जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामवासी दादा के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर वंदे मातरम गान के साथ किया गया । कार्यक्रम का स्वागत संबोधन वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक सनोज



तिवारी जी ने करते हुए उपस्थित अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट करते हुए कहा कि ग्रामवासी दादा के विचार एवं कृत्य वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी को देश समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सदर विधायक माननीय भूपेश चौबे जी ने कहा कि ग्रामवासी दादा देश की स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों की यातनाओं को सहा और आजादी के बाद प्रथम विधायक के रुप में जनपद सोनभद्र के वनांचल कहे जाने वाले आदिवासी,बनवासी एवं ग्राम वासियों के विकास के लिए जीवन के अंतिम समय तक संघर्ष करते रहे । कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उस्मान अली, ओबरा नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती प्राण मति देवी, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी राकेश शरण मिश्र ,प्रख्यात कवित्री रचना तिवारी, दूरदर्शन के जिला संवाददाता श्री सुनील तिवारी, गुप्तकाशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक रवि प्रकाश चौबे, थाना अध्यक्ष जुगैल अरविंद मिश्रा ने भी दादा जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं संबोधन कर नमन किया। ग्रामवासी दादा जी के पुण्यतिथि कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को सम्मानित करने के क्रम में नशा मुक्ति का विशेष अभियान चलाकर लोगों को व्यसन मुक्ति का मार्ग दिखाने वाले तथा अपने शरीर के प्रत्येक अंग को दान करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी डाला निवासी श्री अखिलेश पांडे जी को ग्रामवासी सेवा आश्रम की संस्थापक एवं मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आश्रम की संस्थापक शुभाशा मिश्रा ने आगंतुक अतिथियों को स्वलिखित पुस्तक भेंट कर सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता विवेक पांडे ,भाजपा मंडल अध्यक्ष चोपन सुनील सिंह,डाला व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन,अर्जुन सिंह संतोष सोनी,मिथिलेश भारद्वाज,संजय केसरी,ज्ञानेंद्र पाठक ,नीरज अग्रहरि ,ओम प्रकाश जी,डॉक्टर शिवानंद पांडे,अनुपम त्रिपाठी मनमोहन,घनश्याम चौधरी ,विनोद सिंह बंटी,इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश अग्रहरि ने किया ।

# 14 दिन के मासूम के लिये महिला शिक्षक ने किया रक्तदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

हमीरपुर । जिला अस्पताल मे भर्ती 14 दिन के मासूम पीयूष पुत्र अमर सिंह निवासी चितौली को 'बुंदेलखंड रक्तदान समिति' ने दिलाया खून। मासूम को जब डॉक्टरों ने खून चढाने को कहा तो उनकी बहन दीपांसी खून के लिये ब्लड बैंक गई जहां ठ पॉजिटिव ग्रुप का खून न होने पर उन्हे निराशा हांथ लगी। जिसकी सूचना बुंदेलखंड रक्तदान समिति को मिली सूचना मिलने पर समिति ने मासूम को खून दिलाने की बात कही व टीम सदस्यों से संपर्क किया जिस पर समिति सदस्य व उच्च प्रा.वि. चंदूपुर की प्रचार्य तरंग खरे रमेडी हमीरपुर निवासी ने जिला अस्पताल पहुंच कर बच्चे के लिये ठ पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया। तरंग खरे ने लोगो से भी अपील की आगे आयें व जरूरतमंदो की मदद करें रक्तदान करें। समिति महिला सदस्य तरंग को पूरी समिति दिल से सल्यूट करती है। मौके पर समिति सहयोगी मौजूद रहे–प्रीति अशोक निषाद, अवधेश निगम, लाला भैया, अंकुर पाण्डेय, मनीष।



# डीजल चोरी में सक्रिय गिरोह को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। शक्तिनगर हाईवे पर डीजल चोरी में सक्रिय गिरोह के सदस्यों को खड़िया बाजार बोदरा बाबा के समीप से बुधवार की रात को चोरी का प्रयास करते हुए शक्तिनगर पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



डीजल चोरों के पास से सफेद स्कॉर्पियो, 35 लीटर भरा गैलन, दो 35 लीटर के खाली गैलन एवं तेल निकालने का पाइप बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार की रात प्रभारी निरीक्षक को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हाईवे पर ट्रकों से तेल चोरी करने का गिरोह खड़िया बाजार बोदरा बाबा के समीप सक्रिय है। पिपरी क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में थाना प्रभारी ने एसएसआई संतोष यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश देने के लिए रवाना किया। खड़िया बाजार बोदरा बाबा के पास ट्रकों से तेल चोरी करते हुए गिरोह सदस्यों धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरू पुत्र मंगलेश्वर सिंह निवासी उपनी थाना जिला सीधी म प्र, राहुल सिंह पुत्र लालबाबू सिंह निवासी खटखरी खुटार थाना वैढन जिला सिंगरौली, जीतू सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी वरोडीह थाना नगर उटारी जिला गढवा झारखंड एवं संजय पटेल पुत्र रामबृक्ष पटेल निवासी अशोका मार्केट खड़िया थाना शक्तिनगर को घेराबंदी कर पुलिस टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। चोरों के पास से अलग–अलग नंबर प्लेट की एक सफेद स्कॉर्पियो, एक गैलन भरा डीजल, दो खाली गैलन एवं तेल निकालने में प्रयुक्त पाइप की बरामदगी की गई। इस पूरे घटनाक्रम में पकड़ी गई सफेद स्कॉर्पियो के आगे उप्र का नंबर प्लेट यूपी 64 एएफ 6327 एवं पीछे मप्र का नंबर प्लेट एमपी 17 सीबी 8327 का मिलना चोरी के हाईटेक तरीके को दर्शाता है। हाईवे पर डीजल चोरी में सक्रिय गिरोह को पकड़ने वाली टीम में मुख्य रूप से एसएसआई संतोष कुमार यादव, हेड कांस्टेबल सोभनाथ, हरिकेश बहादुर सिंह, कांस्टेबल सुमित कुमार पटेल, राम रूप एवं अंबुज तिवारी रहे।

# भ्रष्टाचारी अफसरों व कर्मचारियों को चेतावनी, सुधरो वरना सुधार देंगे: अरविंद सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। विकास प्राधिकरण के नए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह के कड़े तेवरों से आज केडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों को रूबरू होना पड़ा जब आज उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए अल्टीमेटम दे दिया कि भ्रष्टाचार में लिप्त रहने वाले सुधर जाये वरना हम सुधार देंगे। इसके बाद उन्होंने कई योजनाओं का भी सुभारम्भ किया। जिसमें अब कानपुर विकास प्राधिकरण प्राइवेट सोसाइटी में मिलने वाली सभी सुविधाएं अपनी योजनाओं में भी देगा। प्राइवेट सोसाइटी की तरह सुरक्षा और सभी सुविधाएं मिलेंगी। वहीं भ्रष्टाचारी अफसरों और कर्मचारियों पर लगाम कसने के लिए नए केडीए वीसी ने कमर कस ली है। कड़े शब्दों में कहा है कि घटिया कार्य करने पर ठेकेदार और अफसर अपना भविष्य खराब कर लेंगे। शुक्रवार को केडीए वीसी अरविंद सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को किए जाने वाले बदलावों के बारे जानकारी दी। केडीए वीसी ने बताया कि केडीए की योजनाओं को पायलट प्रोजेक्ट के तहत काम किया जाएगा। इसमें पुलिस कमिश्नर और नगर निगम के साथ योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इससे सोसायटी में सुरक्षा और सुविधाएं भी लोगों को दी जाएंगी। इन योजनाओं को मौजूदा आवासीय योजनाओं पर भी लागू करने पर विचार किया जाएगा।

वहीं शताब्दी नगर योजना को फिर से जीवंत किया जाएगा। वीसी ने बताया कि लोगों को ऑनलाइन नक्शा बनाने में वाली आने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। इसके लिए केडीए में कंपनी का कॉल सेंटर बनाने का प्रयास किया जाएगा। कंपनी नक्शा संबंधी लोगों के सभी कार्य कराएगी। वहीं लॉ डिपार्टमेंट को मजबूत किया जाएगा। मध्यमवर्गीय लोगों को राहत देने के लिए साउथ इंडिया के प्राधिकरणों से कई तकनीक को लाया जाएगा। वहां इस पर बहुत काम किया गया है। लोगों को म्यूटेशन, रजिस्ट्री, नक्शा और फ्री होल्ड कराने के लिए समय पर उनका काम हो इस पर पूरा फोकस रहेगा। केडीए की जमीनों पर बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। अपनी जमीनों को बचाने के लिए लैंड बैंक को केडीए मजबूत करेगा। चिन्हित कर जमीनों को खाली कराया जाएगा। अवैध टाउनशिप पर कार्रवाई होगी। तहसीलों की भू–अभिलेख वेबसाइट को समय–समय पर जांच किया जाएगा। इसकी नियमित जांच कराई जाएगी। इससे गलत रजिस्ट्री होने पर केडीए समय पर आपत्ति कर सकेगा।

# प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष शुधीश पाण्डेय रामपुर बरेली एम एल सी सीट के प्रबल दावेदार



दैनिक बुद्ध का संदेश

बरेली। भारतीय जनता पार्टी के भाजपा से स्वछ छबि के नेताओं मे गिने जाने वाले शुधीश पाण्डेय रामपुर बरेली के एम एल सी सीट के प्रभाव शाली व प्रवल दावेदार है बता दे कि शुधीश पाण्डेय भाजपा के साफ और स्वछ नेताओं में से है। बरेली जनपद में ब्रह्मण वोटो पर खास पकड़ रखते हैं शुधीश पाण्डेय शुधीश पाण्डेय एक जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं में गिने जाते हैं। बताया जाता है भाजपा युवा नेताओं में से भी है शुधीश पाण्डेय और भाजपा के बरिष्ठ नेताओं के खास करीबी माने जाने वाले हैं। शुधीश पाण्डेय आँवला विधानसभा के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव सोना के साधारण परिवार से है। पिछले विधान सभा चुनाव में शुधीश पाण्डेय ने कडी मेहनत कर बरेली जनपद नौ की नौ सीटो पर भाजपा का परचम लहराया था। जिसमें शुधीश पाण्डेय का नाम बरेली रामपुर सीट से मजबूत दावेदार माना जा रहा हैं।

# भारतेन्दु युग पत्रिका का विमोचन

रायबरेली । जिला सूचना कार्यालय में उपनिदेशक सूचना प्रमोद कुमार द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी समाचार द्विमासिक पत्रिका भारतेन्दु युग संपादित संपादक राकेश कुमार द्वारा सम्पादित पत्रिका विमोचन किया उन्होंने कहा कि पत्रिका भारतेन्दु युग का उद्देश्य बताया है कि समाज में व्यापक कुरीतियों को मिटाने एवं स्वच्छ पर्यावरण हेतु समाज को सजग करना पत्रिका का मुख्य उद्देश्य है। पत्रिका एक सरल और आसान भाषा में प्रकाशित की गई है। उपनिदेशक सूचना ने बताया कि पत्रिका में सरकार की कल्याणकारी व लाभ परक योजनाओं के सहित शासन व प्रशासन की खबरों के साथ ही आम जनता की समस्याओं का निष्पक्ष और निर्भीक रूप से प्रकाशन व समस्याओं के निस्तारण के साथ ही रचनात्मक और सकारात्मक सामग्री का समावेश अधिक रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को अधिक मजबूती मिले इस सम्बन्ध में पठनपाठन सामाग्री का अधिक से अधिक समावेश जरूरी है। पत्रिका के सम्पादक ने भारतेन्दु युग पत्रिका के बारे में विस्तार से बातया। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ए0के0 गौतम, बड़े लाल, मो0 राशिद, इफ्तेखार अहमद सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

# डॉक्टरों का पैनल करता रहा इंतजार,नहीं पहुंचा रजनीश

## जिला अस्पताल में पुनः चिकित्सीय परीक्षण का मामला

हरदोई। एक ही व्यक्ति के 24 घण्टे में 2 अलग अलग हुए मेडिकोलीगल में डॉक्टरों की रिपोर्ट में भिन्नता के मामले में सीएमएस ने पैनल गठित किया गया था। पैनल की तारीख थी डॉक्टरों का दल रजनीश का इंतजार करता रहा लेकिन रजनीश मौके पर नही पहुंचा। विवेचक के अनुसार रजनीश पैनल से बचने के लिए इधर उधर भाग रहा है। मालूम हो कि थाना पिहानी के ग्राम अमिरता चौकी निवासी शिशुपाल पुत्र सुधीर ने नगर मजिस्ट्रेट और सीएमओ को शिकायती पत्र दिया था,उसमें उसने कहा था कि 11 जुलाई को गॉव के ही निवासी रजनीश और उमेश ने उनको मारा पीटा था। पुलिस ने दोनो के खिलाफ पिहानी थाने में मुकदमा लिख लिया था। उसके बाद 12 जुलाई को रजनीश और उमेश का पिहानी सीएचसी पर मेडिकोलीगल करवाकर दोनो के खिलाफ धारा 151 की कार्यवाई की गई। रजनीश और उमेश के शरीर पर कोई चोट नहीं थी, इसलिए मेडिकोलीगल करने वाले पिहानी सीएचसी के इंचार्ज डॉ जितेंद्र श्रीवास्तव ने चोटो का प्रकार नार्मल लिख दिया। उपजिलाधिकारी शाहबाद ने दोनो को मुचलके पर जमानत दे दी। 13 जुलाई को रजनीश ने दोबारा से अपना मेडिकोलीगल जिला अस्पताल में करवाया।वहां इमरजेंसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ सुरजीत सिंह ने अपने द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट में (सार्पइंजरी) धारदार हथियार से लगी हुई चोटो का जिक्र किया। उसके बाद सिर में चोट के लिए एक्सरा करवाने के लिए रेफर कर दिया। रजनीश ने 14 जुलाई को जिला अस्पताल में अपना एक्सरे करवाया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ अरुण कुमार ने अपनी रिपोर्ट में सिर की हड्डी टूटने का जिक्र कर दिया जबकि उसके सिर में खरोंच तक नही थी।

इस मामले में पीड़ित शिशुपाल ने नगर मजिस्ट्रेट और सीएमओ से शिकायत की। इन अफसरो के आदेश पर जिला अस्पताल के सीएमएस ने 3 डॉक्टरों का पैनल गठित कर दिया। उधर पिहानी पुलिस को पत्र भेजकर रजनीश को पैनल के सामने पुनः परीक्षण कराने का आदेश दिया गया। .. पैनल की तारीख थी। इस मामले में डॉक्टरों का पैनल इंतजार करता रहा लेकिन रजनीश नही पहुंचा, इस मुकदमे की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि रजनीश के घर मैंने सिपाहियों को भेजा था, उसके घर वालो ने बताया कि वह दिल्ली चला गया है। इस सबंध में सीएमएस डॉ जे एन तिवारी ने बताया कि रजनीश को एक बार और पत्र भेजकर बुलाया जाएगा,अगर इस बार नही आता है तो उसका मेडिकोलीगल संदिग्ध मानते हुए निरस्त कर दिया जाएगा और उसकी रिपोर्ट पुलिस को भेज दी जाएगी।

# बिलग्राम में साइकिल के साथ सड़क पर उतरे सपाई

हरदोई। समाजवादी आंदोलन के प्रखर नेता जनेश्वर मिश्र के जन्मदिवस पर बिलग्राम तहसील में समाजवादियों ने भारी भीड़ जुटा कर साईकल यात्रा निकाली और सरकार के खिलाफ विरोध जताया। बिलग्राम क्षेत्र के समाजवादियों के द्वारा पांच साइकिल रैली निकाली गयीं जिसमें तीन रैलियों में भारी भीड़ देखने को मिली।सबसे पहले समाजवादी नेता ब्रजेश कुमार उर्फ टिल्लू भइया के नेतृत्व में माधौगंज से साईकल यात्रा चलकर बिलग्राम तहसील पहुंची, जिसमें काफी भीड़ जुटी वहीं दूसरी रैली हाल ही में जिला बदर किये गये सुभाष पाल के समर्थकों द्वारा निकाली गई जिसका नेतृत्व उनके बेटे प्रशांत पाल ने किया।ये यात्रा भी मल्लावां से चलकर बिलग्राम पहुंची जिसमें कार्यकर्ताओं का हुजूम हजारों की संख्या में था। तीसरी बड़ी रैली मल्लावां बिलग्राम विधानसभा के पूर्व विधायक ब्रजेश वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें भी भारी भीड़ जुटी। हालांकि चौथी रैली अश्विनी कुमार और पाँचवी विवेक माधौगंज के नेतृत्व में निकली जिनमें कोई खास भीड़ नहीं थी। हालांकि सपा कार्यकर्ताओं ने जिस मकसद के लिए सरकार को घेरा वो उसमें पूरी तरह कामयाब रहे। उनकी कामयाबी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब साईकल रैली पांच चरणों में एक के बाद एक निकाली गयी तो इतनी ज्यादा भीड़ थी कि सड़क पर आवागमन काफी देर तक बाधित रहा, लोगों का कहना है कि यदि कहीं सारे समाजवादी एक साथ सड़कों पर उतर जाते तो ट्रैफिक का मामला संभालना पुलिस के लिए मुश्किल हो जाता। क्योंकि जिले में आईं महामहिम जी के आगमन पर कोतवाली की ज्यादातर पुलिस हरदोई जा चुकी थी। और बिलग्राम में सब–इंस्पेक्टर अबरार हुसैन चंद पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद थे। से ली।

# प्रेरणा मिली,तो खिले प्रेरणा साथी

## प्रेरणा बैठक में हुई ई– पाठशाला पर हुई खुल कर चर्चा

हरदोई।ष घर ही बन जाएगा विद्यालय हमारा,हम चलाएंगे ई–पाठशाला ष प्रेरणा मिशन के तहत घर–घर ई–पाठशाला चला कर बच्चों और उनके अभिभावकों को प्रेरित कर उन्हें शिक्षित करना है। कोरोना काल के दौरान शिक्षा को जो नुकसान पहुंचा,उसकी भरपाई करने के लिए सरकार की मंशा के तहत गांव–गांव ई–पाठशाला का सफल संचालन हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में प्रेरणा साथियों के साथ प्रेरणा बैठक हुई। साथ ही ई–पाठशाला पर चर्चा की गई। प्रेरणा साथियों को किट देते हुए उनसे बराबर का सहयोग लिए जाने पर जोर दिया गया। सावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में . शिक्षकध् शिक्षिकाओं के साथ प्रेरणा साथियों की प्रेरणा बैठक हुई।एसआरजी आशीष मिश्रा ने मिशन प्रेरणा के तहत रीड ऐलांग एप,सम्पर्क बैठक,दीक्षा एप व प्रेरणा लक्ष्य के बारे में और जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा है कि गांव–गांव में शिक्षित समाज की स्थापना हो तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा।जारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि मोहल्ला क्लास एक सार्थक पहल साबित हो रहा है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि जोगीपुर से की गई प्रेरणा बैठक भी एक सार्थक पहल साबित होगी।इसके लिए उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका व समूचे सरकार की सराहना की।बैठक में प्रेरणा साथी व प्रधान प्रतिनिधि पवन सिंह ने कहा कि विद्यालय का कायाकल्प कर उसे एक आर्दश विद्यालय बनाना उनका मुख्य लक्ष्य है। प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने सभी प्रेरणा साथियों से ई–पाठशाला के सफल संचालन भरपूर सहयोग करते रहने की बात कही। इस दौरान प्रेरणा साथियों को किट जिसमें मोहल्ला क्लास का बैनर, रजिस्टर व पेन था,प्रदान की गई। संचालन सहायक अध्यापिका अर्षिता सैनी ने किया। सहायक अध्यापिका रेहाना नसरीन,रुचि पुरी व शिक्षा मित्रों प्रशान्त कुमार अवस्थी का सहयोग रहा।प्रेरणा साथी बना कर लोगों को प्रेरित किया जा रहे।

# सपाइयों ने निकाली समाजवादी साइकिल यात्रा

हरदोई। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्रा की जयंती के अवसर पर जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल,साइकिल यात्रा प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष व्यापार विधायक सहारनपुर संजय गर्ग पूर्व सांसद ऊषा वर्मा,पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी, के नेतृत्व में विशाल समाजवादी साइकिल यात्रा निकाली गई। सपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू सपा कार्यालय से साइकिल यात्रियों के साथ साइकिल यात्रा लेकर निकले। सपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जीतू पटेल ने कहा कि बेकारी,महंगाई,भृष्टाचार पुलिस अत्याचार, किसान ,मजदूर, नौजवान तथा महिलाओं के प्रति शोषणकारी नीतियों तथा लोकतंत्र विरोधी बीजेपी सरकार के विरुद्ध व सपा सांसद आजम खां पर किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ समाजवादी साइकिल यात्रा निकाली गई। साइकिल यात्रा सपा कार्यालय से नुमाइश चौराहा,डी एम चौराहा, पिहानी चुंगी,अब्दुल पुरवा,चक,चौरौली, प्रेम नगर,अनग बेहटा, होते हुए शाहजहाँपुर रोड़ होते हुए वापस सपा कार्यालय पर समापन हुआ तथा समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्रा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साइकिल यात्रा में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव, जिला उपाध्यक्ष जब्बार खाँ, जिला कोषाध्यक्ष अतुल उपाध्याय, नगर अध्यक्ष रियासत खाँ मीडिया प्रभारी अलंकार सिंह,वरिष्ठ नेता अनिल सिंह वीरू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आकाश वर्मा ,आलोक वर्मा, वरिष्ठ नेता राम प्रताप यादव एडवोकेट, प्रह्लाद मिश्रा, जय राम वर्मा,युवजन सभा अध्यक्ष हरिनाम सिंह यादव, लोहिया वाहिनी अध्यक्ष फैजान अहमद फैजी, यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष नीरज अवस्थी, अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सईद अहमद, नेम सिंह यादव, राजकमल बाजपेई प्रबुद्ध सभा अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, अधिवक्ता सभा अध्यक्ष सी पी सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष विशाल अर्कवंशी, व्यापार सभा अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, रामज्ञान गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सरकारी खलिहान की जमीन पर दबंगों द्वारा किया जा रहा है अवैध कब्जा

गोंदलामऊ (सीतापुर)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवरी कैल के पिपरिया पुरवा के निकट गाटा संख्या 821 खलिहान के नाम दर्ज है। आरोप है इसी भूमि के उत्तर में स्थित देवेंद्र कुमार सिंह पुत्र सुखपाल सिंह आदि की जमीन गाटा संख्या 811 मौजूद है। देवेंद्र सिंह आदि के द्वारा अपने खेत के दक्षिण स्थित सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उसने पक्का कमरा बनवाया जा रहा है। आरोप यह भी है कि इससे पहले भी देवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा सरकारी जमीन पर समरसेबल बनाया गया है। मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से गांगुपुर निवासी गोपाल सिंह पुत्र चंद्र कुमार सिंह ने की है। शिकायती पत्र में आरोप है इस मामले को जब स्थानीय लेखपाल को बताया गया तो उन्होंने अपना मुंशी भेज करके उसकी अनुचित पैमाइश कराई और खलिहान की जमीन को दबंगों से मुक्त ना करा कर उन्हीं का बताया जा रहा है।

## मिलेगा शिक्षा का उजाला, चलो चलें मोहल्ला पाठशाला

सीतापुर। थाना क्षेत्र में स्थित जवाहरपुर गांव में मोहल्ला क्लास लगाकर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक किया जा रहा है। कोविड महामारी के चलते बन्द हुए विद्यालयों की वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सुचारू रूप से पढ़ाई जारी रखने के लिए मोहल्लेवार मोहल्ला क्लास चलाकर बच्चों को शिक्षा दी जा रही है और वैक्सीनेशन के लिए भी बच्चों और अभिभावकों को जागरूकता दी जा रही है। इस कार्य में शिक्षक स्टॉप और मिशन प्रेरणा सहायक सुभाष कुमार, दुर्गेश कुमार दीक्षित आदि लोग शामिल है।

## सरकार के खिलाफ सपा ने निकाली साइकिल यात्रा

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के निर्देश पर गुरूवार को जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सदर विधानसभा में सपा अल्पसंख्यक सभा, उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मौजूदा सरकार के खिलाफ साइकिल यात्रा निकाली। यह साईकल यात्रा बेलगाम महंगाई, आजम खां की जेल से रिहाई, किसानों पर काले कृषि कानूनों की मार, बेरोजगारी से बेहाल नौजवान, आरक्षण पर ष्संघी प्रहारष् और चरम पर अपराध और भ्रष्टाचार इन 6 मुद्दों की मांग को लेकर आयोजित हुई। जिसमे मोहम्मद आजम खान ने कहा झूठे वादे करने के अलावा इस सरकार के पास कुछ भी नहीं है । पेट्रोल डीजल गैस खाद आदि चीज के दाम आसमान छू रहे है । इस महंगाई से जानता बहुत परेशान है । इस सरकार में दलितों, पिछड़ों, मुसलमानों और महिलाओं का उत्पीड़न एवं अत्याचार आम बात है। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत ही दयनीय है। कोई भी नया विकास नही किया गया। दशरथ यादव, मनोज यादव, कनैहया , रियाज अहमद, सुभाष यादव, जियाउल इस्लाम, सरदार खान, शमीम खान आदि लोग मौजूद थे।

## प्रशिक्षण की उपयोगिता आत्मसात करे शिक्षक

जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने ब्लाक संसाधन केंद्र पर तीन तीन योग्य कर्मियों को जो कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश पर लिपिकीय एवं कम्प्यूटर कार्य हेतु सम्बद्ध किया गया था। जिनका प्रशिक्षण यूपीडेस्को संस्था द्वारा पूर्वांचल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट सूक्खीपुर में सी.सी.सी 80 घण्टे अवधि का शासन के निर्देश पर सम्पन्न हुआ था। 6 माह की अवधि बीत जाने के बाद इन सभी को बीएसए कार्यालय के मीटिंग हाल में गुरूवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरख नाथ पटेल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के निर्देश पर तीन योग्य कर्मियों को जनपद के हर ब्लाक संसाधन केंद्रों पर सम्बद्ध किया गया। शासन द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्रों पर योग्य कर्मियों को पटल आवंटन कर दिया गया। उनसे कार्य लिया जा रहा है। फिर भी ब्लाक संसाधन केंद्रों पर कुछ कर्मियों द्वारा कार्य न लिए जाने की शिकायत प्राप्त हो रही है। इसके लिए भी जल्द ही निराकारण कर लिया जाएगा । चन्द्र प्रकाश सिंह कुमैल हैदर राम आसरे यादव जिलाध्यक्ष, अजय सिंह जिला मंत्री , फरहान खान मीडिया प्रभारी, अशोक कुमार जिला उपाध्यक्ष,अमित कुमार अशोक कुमार ,जयदेव मिश्र अन्य मौजूद रहे।

## सेवा कार्यो में सदैव अग्रणी रहेगी संस्थाः पंड्या

जौनपुर। लायन्स क्लब मेन का 37वां शपथग्रहण समारोह श्रीनगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता व उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चौतन्य पंड्या, अधिष्ठापन अधिकारी डॉ0 क्षितिज शर्मा, दीक्षा अधिकारी पीके सिंह वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ठ अतिथि कुंवर बीएम सिंह , माया टंडन व दिनेश टंडन ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। मनोज चतुर्वेदी ने ध्वज वन्दना पढ़ी। डा0 क्षितिज शर्मा ने नव निर्वाचित टीम जिसमें अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता, उपाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, सचिव अशोक मौर्य, कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सर्विस चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, मेम्बरशिप चेयरमैन राम कुमार साहू, पी आर ओ शत्रुघ्न मौर्य, निदेशक मनोज चतुर्वेदी, आर पी सिंह, अनिल वर्मा, टेल टेमर रंजीत सिंह, को पद की शपथ दिलाई। नव निर्वाचित अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता ने कहा कि मैं संस्था उद्देश्यों पर चलते हुए अधिक से अधिक लोगों को सेवा पहुंचाने का प्रयास करुंगा। मुख्य अतिथि पांड्या ने कहा कि यह माडल क्लब हैं और सदैव सेवा कार्यों में आगे रहता है। संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने किया। रागनी पांड्या, प्रदीप जायसवाल, अजय मेहरोत्रा, आभा सिंह, हेमा श्रीवास्तव, मिदहत फात्मा, मधु चतुर्वेदी, शैल मौर्य, उर्मिला सिंह, सोनी जायसवाल, आदि उपस्थित रहे।

# आवास में पैसा लेने में एक और पर एफआईआर

जौनपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के लाभार्थियों से आवास के नाम पर धन वसूली करने वाले एक और समाजसेवी के विरूद्ध मड़ियाहूँ कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराया गया है। अभी एक सप्ताह भी नही हुए कि इसी आरोप में सभासद जयसिंह मौर्य एवं उनके चचेरे भाई रमेश कुमार मौर्य, निवासी मोहल्ला–हरदीपुर जौनपुर के विरुद्ध सराख्वाजा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। परियोजना अधिकारी डूडा अनिल कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी की लाभार्थी निर्मला देवी पत्नी शीतला प्रसाद प्रजापति, संजू देवी पत्नी अमरनाथ, माधुरी देवी पत्नी सुनील कुमार, प्रमीला देवी पत्नी बिरजू सोनकर, मुन्नी देवी पत्नी विनोद सोनकर निवासी मोहल्ला भण्डरिया टोला, नगर पंचायत मड़ियाहूँ जौनपुर के द्वारा इस बात की शिकायत की गई कि मेरे पड़ोसी और अपने आप को समाजसेवी कहने वाले संतोष कुमार गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्त द्वारा प्रधानमंत्री शहरी योजना के तहत आवास पास कराने तथा आवास का पैसा मंगवाने के नाम पर हम लोगों में से किसी से दस हजार, किसी से छः हजार, किसी से चार हजार रूपये वसूल किये गये हैं तथा इनके द्वारा और दस हजार की मांग की जा रही हैं। पैसा न देने पर संतोष कुमार गुप्त द्वारा फर्जी कागजात लगाकर जमीन को विवादित दिखाकर आवास निरस्त कराने एवं आगे किस्त रूकवाने तथा पैसा वापस कराने की धमकी दी जा रही है। संतोष कुमार गुप्ता पुत्र छोटेलाल गुप्ता, भण्डरिया टोला, मड़ियाहूँ के विरूद्ध थाना मड़ियाहूँ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया दिया गया है।

## अन्न महोत्सव में एमएलसी संग जिला मंत्री अविनाश पांडे ने की शिरकत

हरदोई ।प्रधानमंत्री किसान अन्न योजना के तहत गरीब जनता को मिल रहे माह में दो बार निःशुल्क राशन वितरण के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के सीधे जनता के लाइव संवाद कार्यक्रम में एमएलसी अवनीश कुमार सिंह के साथ वरिष्ठ जिला मंत्री अविनाश पांडे ने शिरकत की। हरदोई के अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की ओर से मुख्य अतिथि स्नातक एम एल सी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह एवं भाजपा के वरिष्ठ जिला मंत्री अविनाश पाण्डेय सहित नोडल अधिकारी,कोटेदार एवं लाभार्थी उपस्थित रहे एवं प्रधानमंत्री जी के संवाद को सभी ने सुना।

# बुजुर्गों को देवा शरीफ की जियारत करा रही युवा विकास समिति

फतेहपुर। युवा विकास समिति ने मुस्लिम धार्मिक स्थल देवा शरीफ की जियारत के लिये एक बस से श्रद्धालुओं को रवाना किया। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेद्र मिश्रा की अगुवाई में कलेक्ट्रेटध से डीएम अपूर्वा दुबे ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि वृद्धजन हमारे परिवार की शोभा, ज्ञान के भंडार रुपी धरोहर होते हैं। जीवन के विपरीत हालातों में वे हमें अपने जीवन अनुभव का लाभ प्रदान करते हैं। मगर व्यस्त जीवन में आजकल की संतानें अपने बूढ़े माँ–बाप की सेवा या सम्मान का ख्याल नहीं करते है जिस कारण उन्हें दर–दर की ठोकरे खाने के लिए विवश होना पड़ता हैं। जिनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए संगठन द्वारा यह पहल की गई है। संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी ने बताया कि 50 वृद्ध श्रद्धालुओं को बस द्वारा बाराबंकी जिले के देवा शरीफ जियारत के लिये भेजा जा रहा है। इससे पूर्व हिन्दू बुजुर्ग श्रद्धालुओं को चित्रकूट में कामनानाथ के दर्शन के लिये बस भेजी गई थी। यह यात्रा समिति द्वारा निःशुल्क कराई जा रही है। यात्रा पर जाने वाली रईसा, फातिमा व जुबैदा ने बताया कि 50 की उम्र होने के बाद भी हम आज तक शहर के बाहर नहीं गए थे। संगठन द्वारा हमें देवा शरीफ के दर्शन कराए जा रहे हैं। हम बहुत खुश हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, नगर अध्यक्ष अफताब, सनी श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश, अमन दीक्षित, रूपम मिश्रा, मेराज खान, इंसान अली भी मौजूद रहे।

## भाकियू ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर जताई चिन्ता

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन सदर तहसील इकाई के पदाधिकारियों की एक बैठक जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित हुई। जिसमें पदाधिकारियों ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर चिन्ता जाहिर करते हुए सुधार लाए जाने का आहवान किया।

तत्पश्चात छह सूत्री ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा। बैठक जिला महासचिव प्रीतम सिंह चंदेल व सदर तहसील अध्यक्ष दीपक गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर नहीं है। ग्रामीण इलाकों में बने उपकेन्द्रों में ताले पड़े रहते हैं। जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच की कोई व्यवस्था नहीं है।

जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को प्रयास करने चाहिए। बैठक के बाद सीएमओ को छह सूत्री ज्ञापन सौंपकर गांव स्तर पर कोविड वैक्सीन उपलब्ध कराए जाने, पीएचसी व सीएचसी में समुचित इलाज की व्यवस्था कराए जाने, समदाबाद, काजीपुर, बड़ागांव, अयाह, बनरसी, बैजानी के उपकेन्द्रों को प्रतिदिन खोले जाने, सदर अस्पताल में एक्सरे प्रिन्ट की व्यवस्था तत्काल कराए जाने, बहुआ, असोथर, गाजीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच की व्यवस्था किए जाने, सदर अस्पताल में सुविधा शुल्क पर तत्काल रोक लगाए जाने के साथ ही कोरोना महामारी के समय सदर अस्पताल में आक्सीजन की उपलब्धता की जानकारी दिए जाने की मांग की।

## सरकारी नौकरियों में ओबीसी को आरक्षण के आधार पर भर्ती की मांग

हरदोई। ओबीसी प्रदेश सचिव आमिर अहमद के नेतृत्व में 7 सूत्री ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी हरदोई को दिया गया, जिसमें जातिगत जनगणना, पिछड़ी जाति को सरकारी नौकरियों में आरक्षण जातिगत गणना शिक्षक भर्ती में ओबीसी को महत्व तथा अन्य सरकारी नौकरियों में ओबीसी को आरक्षण के आधार पर भर्ती की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से डॉ राजीव सिंह प्रदेश सचिव ओबीसी, भुटटो मियां एडवोकेट, शिवा पाल, रियाज अहमद,सुनीता देवी, श्याम प्रकाश शुक्ला, ओमेंद्र वर्मा, विनीत वर्मा, आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहें।

## जर्जर विद्युत तारों ने एक युवक की ली जान, एक बछड़े की भी झुलसकर मौत

मानपुर (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीती देर शाम शौच के लिए खेत में जा रहा युवक करेंट की चपेट में आकर झुलस गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे तब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस को सूचना देकर घर वालों ने कोई कारवाई न करने की इच्छा जताते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पकरिया निवासी गुड्डू 27 पुत्र तजम्मुल गांव के पास ही एक धर्म कांटा पर यूकेलिप्टस का छिलका उतारने का कार्य कर रहा था। मंगलवार देर शाम काम निपटाकर वह धर्म कांटा के पीछे मकसूद अली के धान के खेत में शौच के लिए जा रहा था। जैसे ही वह खेत की रखवाली के लिए लगे कटीले तार को उठाकर अंदर घुसने लगा उन्ही तारों में चिपक गया। घर वालों ने बताया खेत के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन जो काफी जर्जर है का तार टूटकर कटीले तारों पर गिर गया। विद्युत सप्लाई चालू होने के कारण कटीले तारों पर करंट दौड़ गया था। इसी दौरान एक बछड़े की भी इसी खेत में करेंट लगने से मौत हो गई। युवक की मौत से घर वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। उपनिरीक्षक राज बहादुर ने बताया परिजन कोई कारवाई नहीं करना चाहते हैं।

## निःशुल्क अन्न वितरण कार्यक्रम में पहुंची नोडल अधिकारी डिंपल वर्मा

हरदोई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव निरूशुल्क अन्न कार्यक्रम में पहुंची । कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण में भी सम्मिलित रहीं। हरदोई जनपद की नोडल अधिकारी आईएएस अपर मुख्य सचिव डिंपल वर्मा शाहपुरगंगा में पहुंच कर उचित दर की दुकान पर 10 कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन वितरित किया,जिसके बाद ग्राम सभा बरहुंआ में उचित दर की दुकान पर 18 राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क राशन वितरित कर निरीक्षण भवन मल्लावां में पहुंचकर स्थितियों का जायजा लिया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर,जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# डिलीवरी के बाद महिलाएं जरूर करें ये योगासन, बढ़ते वजन और कमजोरी से मिलेगी राहत



बच्चे को जन्म देने के बाद महिलाओं को काफी कमजोरी महसूस होती है और उनका वजन भी बढने लगता है। वे इन समस्याओं से उबरने के लिए तरह–तरह के तरीके खोजती हैं। महिलाएं चाहें तो इसके लिए योग का सहारा भी ले सकती हैं। आइए आज कुछ ऐसे ही योगासनों के अभ्यास का तरीका जानते हैं जो महिलाओं को डिलीवरी के बाद हुई कमजोरी और बढ़ते वजन से राहत दिलाने के साथ–साथ हार्मोन्स को संतुलित करने में भी सहायक हैं।

भुजंगासनः भुजंगासन का अभ्यास करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर अपने हाथों को अपने कंधों के नीचे रखकर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने हाथों से दबाव देते हुए अपने शरीर को जहां तक संभव हो सके, उठाने की कोशिश करें। इस दौरान सामान्य तरीके से सांस लेते रहें। कुछ देर इसी मुद्रा में बने रहें और फिर धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं। थोड़ी देर बाद फिर से इस योगासन को करें।

पश्चिमोत्तानासनः पश्चिमोत्तानासन के लिए पहले योगा मैट पर अपने दोनों पैरों को आपस में सटाकर और आगे की ओर फैलाकर बैठ जाएं। अब दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाएं और फिर धीरे–धीरे सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। इसके बाद माथे को घुटनों से सटाते हुए हाथों से पैरों के अंगूठों को पकडने का प्रयास करें। कुछ सेकंड के लिए इसी अवस्था में बने रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें, फिर गहरी सांस लेते हुए सामान्य हो जाएं।

गोमुखासनः गोमुखासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर दंडासन की स्थिति में बैठें। अब अपने दाएं पैर को मोड़कर बाईं जांघ के ऊपर से नितंब के पास जमीन पर रखें। इसी तरह अपने बाएं पैर को मोड़कर दाईं जंघा के नीचे से दाए नितंब के पास जमीन पर रखें। अब अपने दोनों हाथों को कोहनी से मोड़ते हुए उन्हें पीठ के पीछे आपस में पकडने का प्रयास करें। कुछ देर इसी अवस्था में बने रहें।

बालासनः बालासन के अभ्यास के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठें और फिर गहरी सांस लेते हुए हाथों को ऊपर उठाएं। अब सांस छोड़ते हुए धीरे–ध ीरे आगे की ओर झुकें और माथे को जमीन से सटाएं। इस अवस्था में दोनों हाथ सामने, माथा जमीन से टिका हुआ और छाती जांघों पर रहेगी। कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहकर सामान्य रूप से सांस लेते रहें। फिर सांस लेते हुए वापस वज्रासन की मुद्रा में आएं और सामान्य हो जाएं।

## सीरत कपूर को इंडस्ट्री में पूरे हुए 7 साल, टॉलीवुड में मचा रही हैं धमाल

एक्ट्रेस सीरत कपूर ने साल 2014 में साहो फिल्म के निर्देशक सुजीत रेड्डी के निर्देशन में टोलीवुड में डेब्यू किया था, फिल्म श्रन



राजा रन्त्र में शारवानंद के साथ, दर्शकों को अपने मनोरंजक प्लॉट और अभिनय से दीवाना कर दिया. सीरत कपूर ने श्रन राजा रन्त्र में प्रिया का किरदार निभाया और पहली नजर में दर्शकों का दिल जीत लिया. दक्षिण फिल्म उद्योग में सीरत कपूर ने 7 अद्भुत साल पूरे कर लिए है. बॉक्स ऑफिस पर सीरत कपूर की फिल्म श्रन राजा रन्त्र सुपरहिट साबित हुई थी. सीरत कपूर की पहली फिल्म श्रन राजा रन्त्र के बाद, उन्हें कई प्रमुख फिल्म निर्माताओं ने अक्किनेनी नागार्जुन और रवि तेजा जैसे सुपरस्टार के साथ भी काम करने का मौका मिला. इस रोमांटिक–एक्शन–कॉमेडी के गाने सबसे बड़े ब्लॉकबस्टर में से एक बन गए और एल्बम आज तक लोगो को पसंद आती है. सीरत कपूर ने राजू गरी गढ़ी 2, टच चेसी चुडु, ओक्का कशनम, कृष्णा एंड हिज लीला, मां विंता गढ़ा वीनुमा जैसी कुछ फिल्मों में काम किया है. उनकी पिछली दो रिलीज को पहली तेलुगु ब्लॉकबस्टर माना गया. सीरत कपूर ने दक्षिण फिल्म उद्योग के दर्शकों को बार–बार चौंका दिया है और अब बॉलीवुड में अपनी धमाकेदार एंट्री करने के लिए पूरी तरह तैयार है. अभिनेत्री अनुभवी अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और हैंडसम तुषार कपूर के साथ आगामी फिल्म मारीच से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं. तुषार एंटरटेनमेंट के बैनर तले श्मारीच्चय का निर्माण होने जा रहा है.




## भाग्य लक्ष्मी के लिए रोहित सुचांती ने एक महीने में घटाया 7 किलो वजन



नवीनतम टीवी शो भाग्य लक्ष्मी के अभिनेता रोहित सुचांती ने खुलासा किया कि उन्हें सिर्फ एक महीने के भीतर 7 किलो वजन कम करके अपनी भूमिका के लिए आकार में आना पड़ा! उसी के बारे में बात करते हुए, रोहित ने कहा, मैं थोड़ा अनफिट था और वास्तव में जल्दी से आकार में आ गया था। मैंने भूमिका के लिए एक महीने में लगभग 7 किलोग्राम वजन कम किया। जब मैंने ऑडिशन दिया था तब से अब तक जब मैं भूमिका निभा रहा हूं। अपने वजन घटाने की यात्रा को साझा करते हुए, अभिनेता ने कहा, मैंने रोजाना लगभग तीन घंटे वर्कआउट किया। सुबह–सुबह, मैंने साइकिल चलाने या दौडने जैसी कार्डियो एक्सरसाइज की। दोपहर या शाम को, मैंने वेट ट्रेनिंग की, जिससे मुझे अपना वजन कम करने में मदद मिली, मैं जो अतिरिक्त पाउंड ले जा रहा था। इसके अलावा, मैंने बहुत सख्त उच्च प्रोटीन आहार और 16 घंटे के लिए रुक–रुक कर उपवास किया, जिससे मदद मिली। रोहित भाग्य लक्ष्मी में ऋषि ओबेरॉय नाम के एक युवा उद्योगपति की भूमिका निभा रहे हैं। अपने ऑन–स्क्रीन चरित्र के साथ जो समानताएं साझा करते हैं, उस पर खुलते हुए, अभिनेता ने कहा कि, मेरा चरित्र एक अमीर उद्योगपति का है। वह जीवन में बहुत प्रेरित है और अपने काम से प्यार करता है। मैं एक प्रेरित व्यक्ति भी हूं और इस किरदार के लिए इससे संबंधित हो सकता हूं। जब काम की बात आती है, तो मैं अपना 100 प्रतिशत देता हूं। मैं भाग्य में भी विश्वास नहीं करता, मैं अपनी मेहनत से अपना भाग्य खुद लिख सकता हूं, मुझे विश्वास है। जिंदगी में कुछ ऐसा करना अच्छा लगता है जो आप वास्तव में हैं! युवा टीवी से हटकर ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर जा रहे हैं। क्या उनका नया शो इस भीड़ को टीवी पर वापस खींच सकता है? रोहित ने कहा कि, बहुत सारे लोग, यहां तक कि मेरे कुछ दोस्त भी कहते हैं कि ओह हम केवल ओटीटी प्लेटफॉर्म देखते हैं। एक बार जब मैं एक दोस्त के घर गया, तो वह वास्तव में टीवी पर एक भारतीय डेली सोप देख रहा था। जब मैंने सीधे उससे कारण पूछा, तो उसने कहा, शो में कुछ दिलचस्प हो रहा है! उन्होंने कहा कि, मुझे लगता है कि बहुत से लोग अभी भी डेली सोप देखते हैं जिनके पास ओटीटी सब्सक्रिप्शन तक पहुंच नहीं है, इसलिए उनका एकमात्र विकल्प टीवी देखना है। अपने नवीनतम धारावाहिक भाग्य लक्ष्मी के बारे में बात करते हुए, रोहित ने आगे कहा कि, शो की एक अच्छी अवधारणा है। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि लोग इसे देखेंगे और पसंद करेंगे। इसके अलावा ऐश्वर्या खरे अभिनीत, भाग्य लक्ष्मी जी टीवी पर प्रसारित हो रहा है।

## बिग बॉस 15 का करण जौहर करेंगे आगाज, शो में हंगामा खड़ा कर देगा ये टीवी एक्टर




बिग बॉस 15 को लेकर मेकर्स ने कुछ नया करने की सोची और टीवी से पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने का ऐलान कर दिया। ओटीटी प्लेटफॉर्म वूट पर 8 अगस्त से बिग बॉस का 15वॉं सीजन शुरू होगा। बिग बॉस 15 के मेकर्स शो को ऑनएयर करने से पहले धीरे–धीरे से भाग लेने वाले कंटेस्टेंट का खुलासा कर रहे हैं। ताजा जानकारी के अनुसार जीशान खान और करण नाथ बिग बॉस ओटीटी में हिस्सा लेंगे। सीजन की मेजबानी करण जौहर करेंगे और यह 8 अगस्त से प्रसारित होगा। टीम उन प्रतियोगियों के बारे में टीजर जारी कर रही है जिन्हें प्रशंसक घर के अंदर देखेंगे। डिजिटल संस्करण में कुल 12 प्रतियोगी दिखाई देंगे, जो 12 सप्ताह तक ट्रॉफी के लिए लड़ते रहेंगे। बिग बॉस ओटीटी निर्माताओं ने शो के दो प्रतियोगियों– कुमकुम भाग्य के अभिनेता जीशान खान और बॉलीवुड अभिनेता करण नाथ के टीजर साझा किया हैं। जीशान हाल ही में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने बाथरोब पहनकर उड़ान भरने का फैसला किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब चौनल पर एक वीडियो शेयर किया था। हालांकि, एयर इंडिया के स्टाफ सदस्य ने उन्हें उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी। एक और टीजर में बॉलीवुड अभिनेता करण नाथ नजर आए। उन्होंने पागलपन, Sssshhh और ये दिल आशिकाना जैसी फिल्मों में अभिनय किया। हाल ही में सिंगर नेहा भसीन को पहली कंटेस्टेंट के तौर पर कंफर्म किया गया था। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, ऐस ऑफ स्पेस 1 की विजेता दिव्या अग्रवाल, टेलीविजन स्टार रिधिमा पंडित और राकेश बापट, पंच बीट 2 के अभिनेता उर्फी जावेद और एमटीवी स्टार प्रतीक सहजपाल सहित कई अन्य प्रतियोगियों के रूप में शो में शामिल होने की संभावना है।

## अरबाज खान का फिल्म से पहला लुक आया सामने, इस दिन रिलीज होगा तीसरा टीजर



श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं. वह इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म रोजीरू द सैफरॉन चौप्टर की तैयारियों में लगी हुई हैं. इस फिल्म में पलक के साथ अरबाज खान भी नजर आने वाले हैं. अरबाज फिल्म से पहला लुक शेयर किया गया है. मेकर्स ने रोजी का दूसरा टीजर रिलीज किया है जिसमें अरबाज पुलिस वाले के किरदार में नजर आ रहे हैं. अरबाज ने सोशल मीडिया पर खुद रोजी का टीजर रिलीज किया है.

अरबाज ने टीजर शेयर करते हुए लिखा–आपके लिए रोजी द सैफ्रन चौप्टर से अपना पहला लुक शेयर कर रहा हूं. फिल्म का तीसरा टीजर 10 अगस्त को रिलीज होगा.

वीडियो में अरबाज खान एक डरावनी जगह पर जाते नजर आते हैं लेकिन मेकर्स ने ये नहीं दिखाया है कि वह किस चीज से बुरी तरह से डर जाते हैं. मेकर्स फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ रिवील नहीं कर रहे हैं.

आपको बता दें पहले विवेक ओबेरॉय इस फिल्म का हिस्सा थे. वह पुलिस इंस्पेक्टर का किरदार निभाने वाले थे. मगर अब वह फिल्म का हिस्सा नहीं हैं. रिपोर्ट के मुताबिक विवेक ओबेरॉय की जगह फिल्म में अरबाज खान ने ली है. स्क्रिप्ट में हुए कुछ बदलाव और डेट्स के इश्यू के चलते विवेक इस फिल्म से अलग हुए हैं.

फिल्म की बात करें तो यह एक सच्ची घटना पर आधारित है. यह एक रोजी नाम की लड़की की कहानी है जो गुरुग्राम के एक बीपीओ में काम करती थी और अचानक एक दिन गायब हो गई थी.

पलक ने रोजी के बारे में पहले कहा था कि ये फिल्म मेरे लिए बहुत स्पेशल है. इस किरदार में जाने के लिए मुझे बहुत रिसर्च करनी पड़ी लेकिन मेरे पास विशाल सर और प्रेरणा मैम का सपोर्ट था. मैं फिल्म के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग शुरू करने के लिए बहुत एक्साइटिड हूं. फिल्म में पलक तिवारी और अरबाज खान के अलावा शिविन नारंग और तनिषा मुखर्जी अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं.

## टाइल्स में लगे पेंट को आसानी से हटाने के लिए अपनाएं ये तरीके



पेंट करने से घर की खूबसूरती में तो चार चांद लग जाते हैं, लेकिन इस दौरान पेंट टाइल्स पर गिर जाता है, जिसे छुटाने के लिए कड़ी मशक्कतें करनी पड़ती हैं। वहीं, अगर आपको यह मालूम नहीं है कि टाइल्स पर लगा पेंट कैसे छुड़ाना चाहिए तो इस कारण टाइल्स टूट–फूट सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में परेशान न हों क्योंकि कुछ आसान तरीके अपनाकर आप टाइल्स पर लगे पेंट को साफ कर सकते हैं।

सबसे पहले पेंट को खुरचें

अगर टाइल्स पर लगा पेंट गीला है तो आप इसे किसी गीले कपड़े से पोछकर आराम से साफ कर सकते हैं। हालांकि, अगर पेंट सूख चुका है तो इसे सबसे पहले स्क्रेपर से खुरचें। आप प्लास्टिक स्क्रेपर या यूटिलिटी चाकू भी ले सकते हैं। अगर टाइल्स में खरोंच पड़ रही है तो तुरंत रूक जाएं और पहले उस पर थोड़ा पानी डालें और फिर पेंट को हल्के हाथों से खुरचें।

हीट गन से हटाएं पेंटः अगर टाइल्स पर लगे पेंट को साफ करने में काफी परेशानी हो रही है तो पहले उसे नरम करें ताकि उसे हटाना आसान हो। पेंट को नरम करने के लिए पहले टाइल्स से धूल साफ कर लें और फिर पेंट के नरम होने तक हीट गन को आगे–पीछे कर चलाएं। अब स्क्रेपर से पेंट को पहले किनारे से खुरचें। इससके बाद इसे साफ कपड़े से पोंछ लें। इसी तरह सारी टाइल्स से पेंट साफ कर लें।

पेंट रिमूवर आएगा काम

पेंट रिमूवर के इस्तेमाल से भी टाइल्स पर लगा पेंट छुड़ाना आसान हो सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि पेंट रिमूवर में हार्श केमिकल होते हैं, इसलिए इसका इस्तेमाल करने से पहले रबर के दस्ताने जरूर पहनें। इसके बाद पेंट रिमूवर को टाइल्स पर पहले थोड़ी मात्रा में रूई से टाइल्स पर लगाएं। इसके बाद टाइल्स पर कोई ब्रश रगड़े और फिर इन्हें किसी साफ कपड़े से पोंछकर साफ कर दें।

सफेद सिरका भी है प्रभावी

टाइल्स पर लगे पेंट को साफ करने के लिए सफेद सिरके का इस्तेमाल करना एक अच्छा घरेलू नुस्खा है। इसके लिए सबसे पहले आप एक स्प्रे बोतल में सफेद सिरके को भर दें और फिर बारी–बारी से सभी टाइल्स पर उसका छिड़काव करके कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद उन्हें हल्के गर्म पानी से धो दें। ऐसा करने से टाइल्स पर लगा पेंट आसानी से साफ हो जाएगा।